उज्जैन
शनिवार
28
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-117
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



पवन सिंह पर भड़कीं अक्षरा, कहा-10 जगह मुंह मारता है क्या जिंदगी भर मेरे साथ चिपका रहेगा, खेसारी ने काजल के साथ गलत किया

पेज- 8

## बच्चियों में होने वाले कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन अभियान की शुरूआत करेंगे मोदी



**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अजमेर आएंगे। कायड़ विश्रामस्थली में उनकी सभा होगी। सभा स्थल पर देर रात तक तैयारियां चलती रहीं। सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही 5 हजार से ज्यादा पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभा स्थल को अपने कब्जे में ले लिया है। जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है। नेशनल हाईवे-8 पर किशनगढ़ से अजमेर के बीच आज सुबह 6 बजे से भारी वाहनों को डायवर्ट किया गया है। कायड़ विश्रामस्थली के पास बने हेलीपैड पर भाजपा नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री 9 से 14 साल तक की लड़कियों में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान की शुरूआत करेंगे।

## बोलिविया में करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 15 की मौत, 30 घायल

**ला पाज।** बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) वायुसेना का हरक्यूलिस विमान क्रैश हो गया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गए और डैमेज हो गईं। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आई। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए। हादसे के बाद एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

## खतरा हुआ तो पूरी तरह तबाह कर देंगे- किम जोंग उन



**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया के शासक किम जोंग-उन ने साउथ कोरिया को कड़ी चेतावनी दी है। किम ने कहा है कि उनके देश की सुरक्षा को खतरा हुआ तो वे साउथ कोरिया को पूरी तरह नष्ट कर सकते हैं। प्योंगयांग में सात दिन चली वर्कर्स पार्टी कांग्रेस के समापन पर किम ने अगले पांच वर्षों के लिए परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेज करने का खाका पेश किया। उन्होंने पानी के भीतर से दागे जा सकने वाले इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल, सामरिक परमाणु हथियारों के विस्तार, परमाणु-संचालित पनडुब्बी, एआई-युक्त ड्रोन और उन्नत उपग्रह विकसित करने की बात कही।

## अफगानिस्तान संघर्ष में दावा- 300 की मौत, 500 घायल

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है।

# कौन हैं सलीम? जो इस्लाम और हलाला पर खुलकर बोलते रहते हैं, रेत दिया गला

**ब्रह्मास्त्र ›› गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी की अली गार्डन कॉलोनी में शुक्रवार को 50 वर्षीय यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर उनके ही कार्यालय में हुए जानलेवा हमले के पीछे कट्टरपंथियों का हाथ बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि उन पर ये जानलेवा हमला उनके ही मुस्लिम समाज की कुरीतियों, कुरान, मदरसों और मुहम्मद के प्रति खुलकर दिए जाने वाले बयानों से नाराज होकर किया गया है। उन्हें पहले भी धमकियां मिलती रही हैं।

बता दें कि शुक्रवार दिन में बाइक सवार हमलावरों ने सलीम वास्तिक का ऑफिस में घुसकर गला रेत दिया और पेट में चाकू से कई वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की तलाश जारी है।

### कौन हैं सलीम वास्तिक ?



सलीम 'सलीम वास्तिक 0007' नाम से यूट्यूब चैनल चलाते हैं, जिस पर उनके करीब 28 हजार फॉलोअर हैं। खुद को एक्स मुस्लिम कहने और लिखने वाले सलीम वास्तिक अपने वीडियो में इस्लामिक कुरीतियों, हलाल प्रथा, मदरसा शिक्षा और धार्मिक व्याख्याओं पर खुलकर टिप्पणी करते रहे हैं। वो अपने वीडियो में कुरान की आयतों पर भी सवाल उठाते और मुस्लिम समाज से आत्ममंथन की अपील करते रहे हैं। सलीम का कहना रहा है कि मुसलमानों को यह सोचना चाहिए कि हिंदू समाज में उनके प्रति नकारात्मक धारणा क्यों बन रही है। उन्होंने इस्लाम को विदेशी मजहब बताते हुए ऐतिहासिक धर्मांतरणों पर भी टिप्पणी की थी। मदरसों की शिक्षा व्यवस्था और मुस्लिम समाज की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर भी वह लगातार कटाक्ष करते रहे हैं। उनके इन बयानों को लेकर समुदाय के कुछ वर्गों में उनके प्रति काफी नाराजगी देखी जाती रही है। जिसके चलते उन्हें पहले भी धमकियां मिलती रही हैं। बताया जाता है कि सलीम ने लोनी के आजाद स्कूल से पढ़ाई की और अनिवार्य विषय होने के कारण जबरन कुरान भी पढ़ी। सलीम ने एक वीडियो में बताया था कि परिवार में सिर्फ उनकी मां और बहनें धार्मिक रूप से कट्टर हैं। मां का इंतकाल हो चुका है। हालांकि, सलीम और उनके भाइयों को अपेक्षाकृत उदार सोच का बताया जाता है। कुछ मुस्लिम संगठनों के बीच यह धारणा भी रही कि उन्हें हिंदू संगठनों या आरएसएस से समर्थन मिलता है, जिसे लेकर विवाद गहराता गया। इस बात को खुद सलीम ने अपने एक वीडियो में साझा किया था।

# पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ भस्म आरती में शामिल



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार तड़के (चार बजे) होने वाली भस्म आरती में भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हुए। उन्होंने करीब दो घंटे तक नंदी हाल में बैठकर भगवान महाकाल का जाप किया और प्रातःकालीन आरती में सहभागिता कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ सुबह निर्धारित समय पर मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए और भस्म आरती की दिव्य व्यवस्था को श्रद्धा भाव से निहारा। आरती के बाद उन्होंने देहरी से दर्शन कर भगवान महाकाल को जल अर्पित किया। आरती के बाद मीडिया से चर्चा में धनखड़ ने कहा कि देश में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है और धार्मिक स्थलों पर बेहतर प्रबंधन व विकास कार्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां आकर मन को अद्भुत शांति का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि महाकाल के दरबार में आने से अहंकार, ईर्ष्या और प्रतिशोध जैसी भावनाओं का त्याग हो जाता है।

## पीएम मोदी की विचारधारा में इजराइल के लिए प्यार: ओवैसी

**ब्रह्मास्त्र ›› विजयवाड़ा**



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पीएम मोदी का इजराइल के लिए प्यार उनकी विचारधारा से जुड़ा है। हैदराबाद में शुक्रवार को एक कार्यक्रम में ओवैसी ने कहा कि मोदी को अपने भाषण में इजराइली आतंकवाद के बारे में भी बोलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ हमेशा बोला है। दरअसल, मोदी 25 फरवरी को अपने 2 दिन के दौर पर इजराइल पहुंचे थे। पीएम मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने।

## बालोतरा में ट्रेलर से टकराई स्लीपर बस, 6 लोगों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› बालोतरा**

बालोतरा जिले के सरवड़ी गांव में नेशनल हाईवे-25 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। स्लीपर बस ओवरटेक के दौरान सामने से आए ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौक पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में ज्यादातर सवारियां जालोर और सांचौर की थी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का ड्राइवर साइड की तरफ का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में से शव लटके नजर आए। 3 और 6 साल के दो सगे भाइयों के सिर धड़ से अलग हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

हादसे में सांचौर निवासी अनुषा (22) पुत्री भगवाना राम दाता और जोधपुर में वाणिज्य कर विभाग में एलडीसी के पद पर तैनात नरपत (30) पुत्र सदराम की भी मौत हो गई। दोनों होली की छुट्टी पर गांव आ रहे थे।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद 10 मार्च से शुरू

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद 10 मार्च से शुरू होने वाली है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गए हैं। मप्र में गेहूं खरीद के लिए टारगेट 80 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। गेहूं खरीदी की तैयारियों के बीच इस बार राज्य सरकार ने इस खरीदी के लिए अग्रिम राशि 20 हजार करोड़ रुपए केंद्र से मांगी गई है, ताकि बकाया को लेकर आगे दिक्कत न हो।

गौरतलब है कि मप्र में हर साल गेहूं का बंपर उत्पादन होता है। सरकार हर साल रिकॉर्ड गेहूं खरीदती है। इस दौरान किसानों को होने वाले भुगतान में देरी भी होती है। ऐसे में इस बार सरकार की कोशिश है कि खरीदी के तुरंत बाद ही किसानों का भुगतान किया जा सके।

मप्र में सरकार ने गेहूं खरीदी की तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा रबी में हुई गेहूं की खरीदी के 2894 करोड़ रुपए और खरीफ धान खरीदी के 2024 के 3482.78 करोड़ रुपए का पुनर्भुगतान की समय सीमा 30 सितंबर 2025 नियत की गई थी। आरबीआई से इसके पुनर्भुगतान की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया है, परंतु सहमति नहीं मिली है। इसलिए 4217 करोड़ रुपए का भुगतान तत्काल करवाने का कष्ट करें, ताकि साख का निर्धारण हो सके और राज्य सरकार बैंक से लोन का निर्धारण कर खरीदी के लिए बैंकों से लोन लिया जा सके। मप्र की रबी में गेहूं खरीदी के लिए उपार्जन नीति 10 मार्च तक घोषित होगी।

# आज फ्रीगंज में रीते पड़े रहे नल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



**परेशान होते रहे रहवासी**

विकास की डगर पर दौड़ रहे शहर के लोगों को हर दो चार दिन मे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी सडक मरम्मत के चलते तो कभी नई सीवेज पाइप लाइन डालने के चलते पेयजल की लाइन टूटती फूटती रहती हैं। इस सब का खामियाजा निरिह बेबस जनता को उठाना पडता है। पानी जैसी अतिआवश्यक वस्तु के लिए लोगों को हैण्डपम्प व अन्य स्त्रोत की शरण लेना पड़ रही है।


**सुबह नल खोले तो हुए निराश-** ताजा मामला आज सुबह का है जब फ्रीगंज क्षेत्र के रहवासियों ने सुबह साढ़े पांच बजे निर्धारित समय पर नल खोले तो उन्हें बेहद निराशा का सामना करना पडा। मनछामन कालोनी के नजदीक सीवेज पाइप लाइन डालने के चलते पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी की आपूर्ति बाधित हुई जिसका खामियाजा पूरे नये क्षेत्र के लोगों को उठाना पड़ा।

### मानीटरिंग का अभाव

जब भी कोई ठेका लेनेवाली कंपनी के कर्मचारी सीवेज पाइप डालते हैं तो गहरी खुदाई मशीनों से करते हैं इस दौरान पानी के पाइप क्षतिग्रस्त होते रहते हैं जो एक गंभीर समस्या है। खुदाई के दौरान नगरनिगम के जिम्मेदार अधिकारी मानीटरिंग करते नहीं है तथा कोई देखरेख न होने से ऐसी समस्याएं बार बार घट रही हैं।

### हैण्डपम्प पर रही भीड़

काफी देर तक इंतजार के बाद भी जब नल मे पानी की एक बूंद भी नहीं आई तो लोग निराश होकर क्षेत्र मे स्थित हैण्डपंपों पर पहुंचे तथा जल की व्यवस्था की। कई लोग निजी आरओ प्लांट पर भी वाटर केज व बर्तन लिए पीने के पानी के प्रबंध करते नजर आए। फ्रीगंज निवासी सरोज जैन ने बताया कि पानी के बिना कुछ भी संभव नही है। अचानक पेयजल व्यवस्था बाधित होने पर सुबह से ही पानी की व्यवस्था हेतु दौड़ भाग करना पड़ी ऐसे में नौकरीपेशा लोगों को बहुत दिक्कत हुई। क्षेत्र के ही कमल गुप्ता का कहना था कि आए दिन पानी की पाइपलाइन टूटती रहती हैं और खामियाजा बेबस जनता को उठाना पड़ता है, अनियोजित विकास के ऐसे ही परिणाम निकलते हैं। भाविक उपाध्याय ने बताया कि सुबह से बच्चों को स्कूल जाना है और पानी न होने से परेशानी उठाना पड़ रही है। पहले बच्चों को बस स्टाप छोड़ना है फिर पानी लेने हैण्डपम्प की ओर जाना पड़ेगा। परीक्षा के दौरान इस तरह की अप्रत्याशित समस्या मानसिक तनाव उत्पन्न कर देती है।

## खबर एक नजर...

### बालिका से छेड़छाड़ और धमकी देने वाला पकड़ाया

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम ओरंगपुर में रहने वाला परिवार किराना दुकान संचालित करता है। गुरुवार दोपहर को परिवार की बालिका दुकान पर बैठी थी। दोपहर 12.30 बजे के लगभग गांव का रहने वाला अशोक पिता गोवर्धन मालवीय सामान लेने के बहाने आया और दुकान में घुसकर बालिका का हाथ बुरी नियत से पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। बालिका ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। बालिका के परिजनों को घटना बताई और माकडोन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने और धमकी देने वाले को गिरफ्तार करने के लिये टीम गठित की और उसके ठिकानों पर दबिश दी। 24 घंटे में शुक्रवार दोपहर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

### देवास-बड़नगर बायपास पर पलटी बारातियों की बस

**उज्जैन।** सिहोर के बरातियों से भरी बस गुरुवार-शुक्रवार रात देवास-बड़नगर बायपास पर पलटी खा गई। बस में सवार 13 लोग घायल हुए, जिसमें तीन को उपचार के लिये भर्ती किया गया। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि रात में देवास-बड़नगर बायपास पर बस क्रमांक एमपी 20 आर 1000 पलटने की खबर मिलने पर डायल 112 पहुंची थी। इस दौरान बस में सवार 13 लोगों को चोंट लगना सामने आया। बस सड़क मार्ग से खेत में पलटी थी। घायलों को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया और जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि बस में सिहोर के ग्राम लसुडिया के बाराती सवार थे। बारात बड़नगर गई थी, जहां से वापस सिहोर लौट रही थी। घायलों में सचिन कुशवाहा, रामस्वरूप प्रजापत और अजबसिंह को चोंट ज्यादा होने पर उपचार के लिये भर्ती किया गया। वहीं मनोहर, राजमल, रामचंद्र, शिवनारायण, प्रहलाद, नरेश, भंवर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई। मामले में बस चालक फरार हो गया था, जिसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और लोगों की जान मुसीबत में डालने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### एमपी नगर के युवक ने गले में डाला मौत का फंदा

**उज्जैन।** एमपी नगर में रहने वाले युवक ने शुक्रवार शाम गले में मौत का फंदा डाल लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। चिमनगंज थाना एसआई दिनेश भाट ने बताया कि चरक अस्पताल से युवक को मृत अवस्था में लाने की सूचना ड्युटी कंपाउंडर से मिलने पर पुलिस पहुंची थी। मृतक का नाम आयुष पिता यशवंत दावरे 24 साल निवासी एमपी नगर सामने आया। उसे अस्पताल लेकर आने वालों से पूछताछ करने पर सामने आया कि घर में फांसी लगाई है। आयुष सिजिंग का काम करता था। उसने ऐसे कदम क्यों उठाया स्पष्ट नहीं है। एसआई के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। बताया यह भी जा रहा था कि मृतक के खिलाफ कुछ दिनों पहले माधवनगर थाना पुलिस ने भार्गवनगर में घर के बाहर खड़ी कार में आगजनी करने का प्रकरण भी दर्ज किया था।

### दिव्यांग बच्चों नें तरंग 2026 के माध्यम से दिया समावेशन का संदेश

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश विकलांग सहायता समिति द्वारा संचालित मनोविकास विशेष विद्यालय का 27वां वार्षिक उत्सव तरंग 2026 का भव्य आयोजन जवाहर नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उज्जैन महाधर्मप्रांत के आर्च बिशप डॉ. सेबेस्टियन वडक्केल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक सतीश कुमार सोलंकी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बैंक ऑफ इंडिया जोनल कार्यालय उज्जैन के उप आंचलिक महाप्रबंधक प्रदीप कुमार कमल एवं सहायक महाप्रबंधक अरविंद कुजूर उपस्थित थे।

---

**2 और 3 मार्च को श्रद्धालुओं को सख्त जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा**

# महाकाल मंदिर में रंग-गुलाल बैन, श्रद्धालु नहीं खेल सकेंगे होली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में होली पर रंग-गुलाल ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। मंदिर परिसर और महाकाल लोक में श्रद्धालु होली नहीं खेल सकेंगे। 2 और 3 मार्च को श्रद्धालुओं को सख्त जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा।

यह फैसला साल 2024 की धुलेंडी पर भस्म आरती के दौरान लगी आग की घटना के बाद लिया गया है। उस हादसे में पुजारी सहित करीब 14 लोग झुलस गए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने इस बार विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

पूरे परिसर में रंग पर पूर्ण रोक



गर्भगृह, नंदी मंडपम्, गणेश मंडपम्, कार्तिकेय मंडपम् सहित संपूर्ण मंदिर परिसर और महाकाल लोक क्षेत्र में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल ले जाना प्रतिबंधित है। रंग उड़ाना या विशेष उपकरण से रंग फैलाना और एक-दूसरे को रंग लगाना पूरी तरह वर्जित रहेगा।

### सिर्फ प्रतीकात्मक रूप से अर्पित होगा गुलाल

भगवान श्री महाकालेश्वर की त्रिकाल आरती में प्रत्येक आरती के दौरान 1-1 किलोग्राम हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया जाएगा। यह गुलाल मंदिर की कोठार शाखा द्वारा भस्म आरती, शयन आरती और शासकीय पुजारियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### कर्मचारियों और पुजारियों पर भी लागू नियम

पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिसकर्मी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी और आउटसोर्स स्टाफ रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं करेंगे। सभी को अपने सामान की जांच कराकर ही परिसर में प्रवेश मिलेगा। आपस में रंग लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### हर द्वार पर जांच, सीसीटीवी से निगरानी

सभी प्रवेश द्वारों पर तैनात निरीक्षक और सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं की जांच करेंगे। मंदिर कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिए संपूर्ण परिसर की लगातार मॉनिटरिंग होगी। किसी भी प्रकार के रंग या विशेष उपकरण के प्रवेश और उपयोग को तुरंत रोका जाएगा।

---

# महाकाल के लड्डू का वीडियो इंस्टाग्राम पर डाला, एफआईआर

**खराब गुणवत्ता बताने पर कंटेंट क्रिएटर के खिलाफ महाकाल थाने में केस दर्ज**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर के लड्डू प्रसादी को लेकर इंस्टाग्राम आईडी _roshan_yadav2 पर वीडियो जारी करना उज्जैन के एक कॉन्टेंट क्रिएटर पर भारी पड़ गया। वीडियो जारी करने के दो दिन बाद महाकाल मंदिर समिति ने क्रिएटर के खिलाफ महाकाल थाने में आईटी एक्ट में मामला दर्ज कराया है।

युवक ने वीडियो शेयर कर लड्डू की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। साथ ही एक बालिका की तबीयत खराब होने की बात भी कही थी।

**मंदिर समिति ने कहा- प्रतिष्ठा को क्षति पहुंची-** महाकाल मंदिर की तरफ से एफआईआर में बताया है कि 25 फरवरी को सोशल मीडिया पर श्रीअन्न रागी लड्डू प्रसाद के संबंध में एक भ्रामक वीडियो उज्जैन के रोशन यादव ने वायरल किया था। यह प्रसाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराया जाता है।

वीडियो में प्रसाद की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए लड्डू टूटे होने और प्रसाद ग्रहण करने से स्वास्थ्य खराब होने संबंधी निराधार और भ्रामक प्रचार किया गया।



### निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार करते हैं

मंदिर समिति ने वीडियो प्रसारित करने वाले रोशन यादव की इंस्टाग्राम आईडी _roshan_yadav2 के खिलाफ महाकाल थाने में प्रकरण दर्ज कराया है। महाकाल मंदिर समिति की तरफ से बताया कि श्रीअन्न रागी लड्डू प्रसाद रागी आटा (मिलेट), गुड़ और शुद्ध घी से पूर्ण स्वच्छता के साथ निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार किया जाता है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु इस प्रसाद को गहन आस्था एवं विश्वास के साथ ग्रहण करते हैं। यह प्रसाद लाखों भक्तों की श्रद्धा एवं विश्वास का प्रतीक है। रागी से निर्मित यह श्रीअन्न प्रसादम् कैल्शियम, आयरन और फाइबर का अच्छा स्त्रोत होकर स्वास्थ्यवर्धक है।

वायरल वीडियो में जानबूझकर प्रसाद को बिखेरकर प्रदर्शित किया था। पूरा वीडियो भ्रामक था, जिससे मंदिर की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंची है।

---

# गाड़ी अड्डा से ढांचा भवन चौड़ीकरण रहवासियों ने कर दिया चक्काजाम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गाड़ी अड्डा से ढांचा भवन तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर रहवासियों ने शुक्रवार को मक्सी रोड ब्रिज पर विरोध प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी सहित बड़ी संख्या में रहवासियों ने करीब 45 मिनट सड़क पर बैठ चक्काजाम किया और निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

धरने के दौरान क्षेत्रवासियों ने सड़क पर बैठकर आवाजाही रोक दी, जिससे स्थानीय यातायात प्रभावित हुआ। मौके पर नगर निगम के अधिकारी और अपर आयुक्त पवन सिंह पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्या सुनी और वार्ता की। ज्ञापन में बताया कि प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण एमआर-4 मार्ग पर 24 मीटर किया जा रहा है, जबकि गाड़ी अड्डा से ढांचा भवन तक का हिस्सा केवल 18 मीटर होना चाहिए था। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पर ध्यान नहीं दिया तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

---

**सर्वाइकल कैंसर से बचाने बालिकाओं को लगेगी वैक्सीन**

# आज से शुरूआत होगी, 14-15 साल की लड़कियों को लगेगा टीका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में 28 फरवरी से अगले 30 दिन तक 14 वर्ष से 15 वर्ष के मध्य की किशोरी बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा। इस टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकेगा। वैक्सीनेशन के लिए माता-पिता या अभिभावकों को अपनी बेटी की उम्र से जुड़ा प्रमाण साथ लेकर अस्पताल जाना होगा। बर्थ सर्टिफिकेट, आधार कार्ड या स्कूल आईडी जैसे दस्तावेज वैलिड हो सकते हैं. जिससे उम्र वेरिफाई हो सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने




बताया कि प्रदेश में किशोरी बालिकाओं की सर्वाइकल कैंसर से रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शनिवार 28 फरवरी से प्रारंभ किया जाएगा। यह टीकाकरण अभियान 3 माह तक चलाया जाएगा।

अभियान की शुरूआत में 14 वर्ष से 15 वर्ष के मध्य की समस्त किशोरी बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य है। उज्जैन जिले में टीकाकरण सत्र का आयोजन प्रथम चरण में जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, सिविल अस्पताल, सीएचसी जहां पर फोकल पॉइंट हो वहीं आयोजित किया जाएगा।

**टिका लगवाने की ये रहेगी प्रक्रिया-** टीकाकरण प्रतिदिन (अवकाश दिवसों को छोड़कर) किया जाएगा। टीकाकरण का समय प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। अभियान के दौरान आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता किशोरियों को टीकाकरण स्थल पर लाएंगी तथा महिला आरोग्य समिति के सदस्य वोलेंटियर का कार्य करेंगे। टीकाकरण के लिए तीन कक्ष की आवश्यकता होगी, जिसमें प्रथम कक्ष में आईडी सत्यापन एवं पंजीकरण होगा, द्वितीय कक्ष में टीकाकरण होगा तथा तीसरे कक्ष में हितग्राही को 30 मिनिट ऑब्जरवेशन हॉल में बैठाना होगा। सभी हितग्राहियों का टीकाकरण पश्चात युविन पोर्टल में एंट्री की जाएगी। हितग्राही को यूविन पोर्टल से सर्टिफिकेट डाउनलोड करके प्रिंट दिया जाएगा।

**गंभीर बीमारी-** सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से का कैंसर है, जिसे सर्विक?स भी कहा जाता है। लगभग 99.7 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के कारण होते हैं। सर्वाइकल कैंसर के अलावा एचपीवी इन्फेक्शन से अन्य गंभीर रोग भी हो सकते है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे अच्छा तरीका किशोरी बालिकाओं को 14 वर्ष से 15 वर्ष के मध्य वैक्सीनेट करना है। जिन हितग्राहियों ने प्रायवेट में एचपीवी का टीकाकरण करवा लिया है। उनका दोबारा टीका नहीं लगेगा।

**93 प्रतिशत असरदार-** एचपीवी वैक्सीन अन्य वैक्सीन की तरह एक बार दिए जाने पर इम्यून रिस्पॉन्स शुरू करती है। जिससे एंटी बॉडी बनती है और जो खास कैंसर पैदा करने वाले एचपीवी टाइप से भविष्य में होने वाले इन्फेक्शन से बचाती है। यह सर्वाइकल कैंसर को रोकने में 93 प्रतिशत से शत प्रतिशत असरदार है।

उज्जैन
शनिवार
28
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

षड् दोषाः पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छता।
निद्रा तंद्रा भयम् क्रोधः आलस्यम् दीर्घसूत्रता।।

अर्थः मानव विध्वंस का कारण 6 निष्कासन है। नींद, तंद्रा, भय, क्रोध, आलस्य और काम चुराने की आदत।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में गैंगस्टर लाला की भाभी ने सुसाइड किया

**इंदौर।** इंदौर में शुक्रवार को हिस्ट्रीशीटर सलमान लाला के परिवार से जुड़ा एक मामला सामने आया है। उनकी भाभी साईदा पति शादाब लाला ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। वह संजय सेतू के पास बेसुध हालत में मिली थीं। राहगीरों की सूचना पर उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक साईदा निवासी खजराना शुक्रवार को संजय सेतू इलाके में अचेत अवस्था में पड़ी मिलीं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि उन्होंने जहरीला पदार्थ सेवन किया हो सकता है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही होगी। बताया जा रहा है कि सलमान लाला की पहले ही मौत हो चुकी है। इसके बाद शादाब लाला अपने परिवार के साथ खजराना क्षेत्र में रहने लगा था। हाल ही में वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। पुलिस कस्टडी में कुछ माह पहले सलमान लाला की मौत हो गई थी। इसके बाद उसके परिवार के लोगों ने पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाए थे।

### प्रदूषण बोर्ड की चेतावनी बिना ट्रीटमेंट पेयजल सप्लाय न करें

**इंदौर।** कान्ह-सरस्वती और शहर के सीवरेज से शिप्रा के प्रदूषण के बाद अब पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र का असर गंभीर नदी पर दिखने लगा है। केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच में सामने आया है कि गंभीर नदी का दूषित पानी आगे रामसर साइट घोषित यशवंत सागर तक पहुंच रहा है। जांच में गंभीर नदी में मल में पाए जाने वाले फीकल कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा 11,000 से 16,800 तक मिली है। वहीं यशवंत सागर में यह करीब 4,000 तक पहुंच चुकी है। इसके साथ ही ई-कोलाई बैक्टीरिया की मात्रा भी मानक से अधिक निकली है। ये वहीं बैक्टीरियां है, जिनके कारण भागीरथपुरा की पेयजल त्रासदी हुई थी। कई स्थानों पर डिजॉल्व ऑक्सीजन (डीओ) 4 मिग्रा प्रति लीटर मिली, जबकि 6 से 7 या उससे अधिक होना चाहिए। डीओ स्तर घटने से जलीय जीवन प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों पर मछलियों और अन्य जीवों के मरने की घटनाएं भी सामने आई हैं। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट कहा है कि बिना ट्रीटमेंट इस पानी का पेयजल उपयोग नहीं किया जाए, अन्यथा पश्चिम क्षेत्र को रोज मिलने वाला 30 एमएलडी पानी प्रभावित हो सकता है। गंभीर नदी धार और इंदौर को जोड़ते हुए बेटमा, हातोद और देपालपुर क्षेत्र से गुजरती है। विशेषज्ञों का मानना है कि ठोस कदम नहीं उठाए तो पेयजल और पर्यावरण दोनों पर गंभीर असर दिखेगा।

### इंदौर के सराफा बाजार में व्यापारियों की मौन रैली

**इंदौर।** इंदौर के सराफा बाजार में सोमवार को व्यापारियों ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सराफा बाजार एसोसिएशन के बैनर तले बड़ी संख्या में व्यापारियों ने मौन रैली निकालकर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों का आरोप है कि बाजार में हाल ही में कुछ नए लोग खुद को दलाल बताकर सक्रिय हो गए हैं, जिनकी गतिविधियों से बाजार की साख और माहौल प्रभावित हो रहा है। सराफा बाजार में दलाली की परंपरा वर्षों पुरानी है और यह कार्य पीढ़ी-दर-पीढ़ी विश्वसनीय तरीके से चलता आया है। पुराने दलालों की बाजार में पहचान और भरोसा स्थापित है, लेकिन बाहरी तत्वों की मौजूदगी से छवि धूमिल हो रही है। मौन रैली के बाद व्यापारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि बाजार की गरिमा और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है।

### डीएवीवी में डेटिंग ऐप विवादः पिता को इंदौर बुलाया, छात्रा बोली- निजी बातों को मुद्दा बनाया

# विवि ने कहा- होस्टल से निकाला, पढ़ाई जारी रहेगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) के कमला नेहरू हॉस्टल में छात्रा के निष्कासन का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर हॉस्टल से बाहर की गई छात्रा के पिता से बुधवार को विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बातचीत कर इंदौर बुलाया है। उधर, छात्रा ने भी आरोपों को निराधार बताते हुए खुद को साजिश का शिकार बताया है।



छात्रा ने लिखित स्पष्टीकरण में कहा है कि वीडियो कॉल पर बात करना उसका निजी मामला है और इसे गलत तरीके से पेश किया गया। उसने यह भी दावा किया कि किसी पर बॉयफ्रेंड बनाने का दबाव नहीं डाला गया। जब्त सामान को लेकर भी छात्रा ने आपत्ति जताई है और उसे वापस करने की मांग की है।

डाटा साइंस विभाग में पढ़ने वाली छात्रा ने सीयूईटी के माध्यम से पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स में प्रवेश लिया। प्रथम वर्ष की छात्रा पश्चिम बंगाल के कोलकाता की रहने वाली है। यहां कमला नेहरू होस्टल में रहती है। प्रवेश के दौरान छात्रा ने लोकल गार्जियन यानी स्थानीय अभिभावक के बारे में फॉर्म में जानकारी नहीं दी है। इसके चलते छात्रा की इन गतिविधियों के बारे में पिता से चर्चा हुई है, जो दो से तीन दिन में विश्वविद्यालय के अधिकारियों से मिलेंगे।

**समिति की रिपोर्ट पर प्रशासन सख्त-** छात्रा की गलत हरकतों को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय ने चार सदस्यीय समिति बनाई, जिसमें डॉ. अर्चना रांका, डॉ. सुधिरा चंदेल, डॉ. निशा सिद्दीकी, वार्डन डॉ. अर्पिता लाखरे और डॉ. पूजा जैन शामिल थीं। तीन दिनों तक सदस्यों ने अलग-अलग छात्राओं से चर्चा की।

### यह है पूरा मामला

- छात्राओं ने समिति को बताया कि डेटिंग ऐप पर भी बॉयफ्रेंड ढूंढने के लिए प्लानिंग करवाती थी। यहां तक कि नियमित सिगरेट भी पीती थी। जांच के दौरान समिति सदस्यों ने कमरे की जांच की तो आपत्तिजनक वस्तुएं, सिगरेट और मोबाइल में वीडियो भी देखे। हालांकि मोबाइल छोड़कर बाकी वस्तुएं जब्त की गई।
- विश्वविद्यालय की चार सदस्यीय समिति ने करीब दस छात्राओं के बयान दर्ज कर रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट में हॉस्टल अनुशासन के उल्लंघन का उल्लेख किया गया है। इसी आधार पर छात्रा को कमला नेहरू हॉस्टल से निष्कासित किया गया।
- कुलसचिव प्रज्वल खरे का कहना है कि कार्रवाई केवल हॉस्टल नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई है। छात्रा की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी और वह विभाग में नियमित रूप से कक्षाएं अटेंड कर सकेगी। फिलहाल छात्रा वैकल्पिक आवास की व्यवस्था कर कक्षाएं जारी रखे हुए है।
- हॉस्टल की पांच छात्राओं ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि संबंधित छात्रा उन्हें बॉयफ्रेंड बनाने के लिए प्रेरित करती थी और इसे कॉलेज लाइफ एंजॉय करने का हिस्सा बताती थी। शिकायत के मुताबिक, वह एक मोबाइल ऐप के जरिए बॉयफ्रेंड बनवाने की बात करती थी और अन्य छात्राओं से अज्ञात युवकों से बातचीत और घूमने-फिरने के लिए दबाव बनाती थी।
- जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि संबंधित छात्रा अज्ञात युवकों से वीडियो कॉल पर बातचीत करती थी और अन्य छात्राओं को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करती थी। कुछ छात्राओं ने खुद को असहज और भयभीत महसूस करने की बात कही है। पांच शिकायतकर्ता छात्राओं के अलावा दस से अधिक छात्राओं ने भी जांच के दौरान इन आरोपों की पुष्टि की है। प्रशासन का कहना है कि प्राथमिक जांच में आरोपों के समर्थन में पर्याप्त तथ्य मिले हैं।

# पानी भरे ड्रम में डाला खतरनाक सिलेंडर

### एक घंटे रहा अफरा-तफरी का माहौल, कबाड़ी गिरफ्तार, इंडस्ट्रियल सेफ्टी विभाग भी करेगा जांच

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के रावजी बाजार क्षेत्र में गुरुवार रात जहरीली गैस फैल गई। घटना के बाद करीब एक घंटे तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटनाक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें नगर निगम और फायर ब्रिगेड की टीम खतरनाक सिलेंडर को सूझबूझ के साथ पानी से भरे ड्रम में डालती नजर आ रही है।

काफी देर तक उस पर पानी डाला गया, जिससे गैस का फैलाव नियंत्रित हो गया। बाद में सिलेंडर को रात में ही बायपास के रास्ते करीब 13 किलोमीटर दूर देवगुराड़िया स्थित नगर निगम के प्लांट भेज दिया गया।

इधर, आरोपी कबाड़ी शहजाद को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने



बताया कि यह सिलेंडर कबाड़ में राजा चोपड़ा से खरीदा था। विकास नाम के एक और कबाड़ी का नाम भी सामने आया है। पुलिस इन दोनों से भी पूछताछ करेगी। वहीं, मामले की जांच इंडस्ट्रियल सेफ्टी विभाग भी करेगा। जांच में सामने आया कि कबाड़ी शहजाद खान की दुकान में रखे कटे हुए सिलेंडर से तेजी से गैस फैली थी। सिलेंडर को कटर से काटा गया था। शुक्रवार दोपहर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान को सील कर दिया।

आनंद कलादगी ने बताया कि शहजाद खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 118(1) और 118(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। ये धाराएं खतरनाक साधनों से स्वेच्छा से चोट या गंभीर चोट पहुंचाने तथा आग, विस्फोटक या अन्य खतरनाक तत्वों से गंभीर नुकसान से जुड़ी हैं। दोष सिद्ध होने पर 10 साल तक के कारावास का प्रावधान है।

**इंडस्ट्रियल सेफ्टी विभाग करेगा जांच-** देवगुराड़िया भेजे गए सिलेंडर में प्रारंभिक जांच के दौरान अमोनिया गैस होने की आशंका जताई गई है। इसी कारण लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ हुई। डीसीपी ने बताया कि सिलेंडर की विस्तृत जांच इंडस्ट्रियल सेफ्टी विभाग को सौंपी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि कबाड़ी की दुकान पर एक गैस सिलेंडर को काटा जा रहा था।

# एसईजेड ने पार किया 13,700 करोड़ का आंकड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर-पीथमपुर स्पेशल इकोनॉमिक जोन लगातार धमाल मचा रहा है। एसईजेड कमिश्नर कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2025 के 12 महीनों में यहां की करीब 50 मल्टीप्रोडक्ट कंपनियों ने कुल 13,754 करोड़ रुपए (13,700 करोड़ से ज्यादा) का निर्यात किया है। हालांकि यूक्रेन- रूस, इजराइल-फिलीस्तीन और ईरान-अमेरिका के बीच आंशिक युद्ध का अंतर्राष्ट्रीय बाजार मतलब एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बिजनेस पर असर पड़ता नजर आ रहा है। एसईझेड कमिश्नर कार्यालय इन्दौर के अनुसार पिछले 2 साल में हुए एक्सपोर्ट में सिर्फ 171.21 करोड़ रुपए की ही बढ़ोतरी हो पाई है। साल 2025 में 12 महीने में 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक एसईझेड में संचालित 50 से ज्यादा मल्टीप्रोडक्ट कम्पनीज ने 13 हजार 754.53 करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट किया है, जबकि इसके पहले साल 2024 में इन्हीं कंपनियों ने 13 हजार 583.32 करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट किया था। इस तरह साल 2024 और 2025 के 24 महीनों में एसईझेड कम्पनियों ने जितना एक्सपोर्ट किया है, उस हिसाब से पिछले साल 2025 में सिर्फ 171.21 करोड़ रुपए का ज्यादा एक्सपोर्ट हुआ, जो कि पिछले अन्य सालों की अपेक्षा वाकई कम है।

# इंदौर में भतीजा निकला 60 लाख की चोरी का मास्टरमाइंड

## बिना हिस्सा दिए नकदी-गहने लेकर साथी गायब, राजस्थान पहुंची पुलिस टीम भी खाली हाथ

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में 60 लाख के गहने और नकदी की चोरी का मास्टरमाइंड दंपती का भतीजा ही निकला है। उसी ने चोरी की पूरी साजिश रची थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों तक पहुंची है। बावजूद इसके अब तक न तो पूरा खुलासा हो सका है, न ही चोरी का माल बरामद किया गया।

दंपती का भतीजा रोहित उर्फ गोलू हिरासत में है। पूछताछ में उसने बताया कि उसने दोस्त लक्की बोरासी और सुधांशु प्रजापत के साथ वारदात को अंजाम दिया था। इनके अलावा एक



अन्य साथी भी था।

चोरी के बाद गोलू के साथी जेवर और नकदी लेकर भाग गए। ऐसे में गोलू के पास से कोई रकम बरामद नहीं हुई है। पूछताछ के दौरान गोलू ने पहले उनके राजस्थान जाने की बात कही थी। पुलिस की एक टीम वहां भी पहुंची, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए।

बता दें, बाणगंगा थाना क्षेत्र के डागर मोहल्ले में 7 फरवरी को बाणेश्वरी कुंड के पीछे स्थित एक मकान से बदमाश 35 लाख रुपए नकद और 25 लाख रुपए का सोना लेकर फरार हो गए थे। वारदात के समय मकान मालिक विनोद यादव और उनकी पत्नी मनीषा वैष्णो देवी गए हुए थे। जब वे लौटे तो सोमवार को उन्हें इसकी जानकारी लगी।

**बिना हिस्सा दिए साथी हो गए फरार-** वारदात के बाद मिले सीसीटीवी फुटेज में दो चोर विनोद यादव के घर में जाते दिखाई दिए, जबकि गोलू बाहर ही खड़ा था। पुलिस ने हुलिए के आधार पर अन्य फुटेज खंगाले और आरोपियों की पहचान की। जांच में यह भी सामने आया कि चोरी से एक-दो दिन पहले और बाद में गोलू, लक्की और सुधांशु लगातार मोबाइल पर संपर्क में थे। देर रात उन्होंने चोरी से पहले एक-दूसरे को मैसेज कर बाहर बुलाया था।

चोरी के बाद सुधांशु, लक्की और उनका साथी बिना गोलू को हिस्सा दिए फरार हो गए। डर के चलते गोलू ने किसी को कुछ नहीं बताया। घटना की रात वह देर तक गली में घूमता दिखा, जिससे पुलिस का शक उस पर और गहराया।

गोलू ने पुलिस को बताया है कि उसने चाचा के लाखों के प्लॉट बेचने की बात अपने दोस्तों को बताई थी। इसके बाद सभी ने 6-7 फरवरी की रात वारदात को अंजाम दिया था। 9 फरवरी को दंपती इंदौर लौटे, तब उन्हें चोरी की जानकारी मिली और मामला पुलिस तक पहुंचा।

## खबर एक नजर...

### दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे

**उज्जैन।** अक्षत इंटरनेशनल स्कूल परिसर में माँ भारती के वीर सपूत महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चंद्रशेखर आजाद जी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई। समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भारत माता के इस वीर सपूत को श्रद्धापूर्वक नमन किया। सभा में विद्यालय निदेशक राहुल पंडया ने उनके अद्वितीय साहस, देशभक्ति और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद जी ने अपने जीवन के अंतिम क्षण तक अंग्रेजी शासन के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। उनका जीवन त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम की अमर गाथा है, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करता है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण सहित शैक्षणिक निदेशिका सरोज वागले, उप-प्राचार्या पल्लवी दिवाकर एवं समन्वयकगण अश्विन चौकाड़े, वैशाली पारनेरकर भी उपस्थित थे। यह जानकारी सी.सी.ओ राखी मेहता ने दी।

### लक्ष्मी नृसिंह मंदिर में आज मनेगा फूल फाग महोत्सव

**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल, महिला मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर और लक्ष्मी नृसिंह मंदिर देवस्थान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आज शनिवार को भव्य फूल फाग महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होने जा रहा है। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि यह गरिमामय कार्यक्रम शाम 7 बजे से छोटा सराफा स्थित लक्ष्मी नृसिंह मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। नाथद्वारा-इंदौर के वैष्णवाचार्य द्वितीयपीठ युवराज गोस्वामी 108 श्री हरिराय महोदय के सानिध्य में होने जा रहे कार्यक्रम में वर्ष भर किए गए धार्मिक आयोजन एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस भव्य महोत्सव की रूपरेखा और व्यवस्थाओं में वल्लभ वैष्णव मंडल के अध्यक्ष आनंद पुरोहित, सचिव जयेश श्रॉफ व कोषाध्यक्ष मनीष नागर; महिला मंडल की अध्यक्ष नूपुर नीमा, सचिव मनीषा नागर व कोषाध्यक्ष कामिनी शाह; युवा मंडल के अध्यक्ष अमित नागर, सचिव अमर दिसावल व कोषाध्यक्ष नितिन नीमा तथा लक्ष्मी नृसिंह मंदिर देवस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश माहेश्वरी, सचिव मंगल प्रसाद भट्ट व कोषाध्यक्ष नवनीत काबरा सक्रिय रूप से जुटे हैं।

# गोपाल मंदिर से निकली खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**शहर में जगह-जगह हुआ स्वागत**

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



रामघाट स्थित पारदेश्वर महादेव मंदिर सिद्ध आश्रम में खाटू नरेश के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय रंगारंग फाग महोत्सव उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आमलकी एकादशी (शुक्रवार) के अवसर पर सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने गोपाल मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली।

सरोज अग्रवाल के अनुसार सुबह 10 बजे श्याम प्रेमियों ने अपने-अपने निशान का पूजन किया। इसके पश्चात सुसज्जित रथ और डीजे के साथ यात्रा शुरू हुई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु ह्लहाथों में निशान हो, सामने मेरा श्याम होह्ल, ह्लडोरी खींच के राखी जे यो है श्याम बाबा को निशानह्ल और ह्लपैदल चालणिया के सागे चले बाबो श्यामह्ल जैसे सुमधुर भजनों पर झूमते नजर आए। यात्रा गोपाल मंदिर से पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, बक्शी बाजार, सवारी मार्ग और कहारवाड़ी होते हुए रामघाट स्थित प्राचीन खाटू श्याम मंदिर पहुंची।

निशान यात्रा के मार्ग में अग्रवाल महिला मंडल, अग्रवाल सोशल ग्रुप, खांडल ब्राह्मण समाज, माहेश्वरी समाज, राठौर समाज, पोरवाल समाज, सोना-चांदी व्यापारी एसोसिएशन, बर्तन व्यापारी एसोसिएशन और किराना व्यापारियों द्वारा जगह-जगह रथ का भव्य स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचने पर भक्तों ने श्याम बाबा के चरणों में निशान अर्पित किए। इसके बाद महाआरती संपन्न हुई और सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

शाम 7 बजे से मंदिर प्रांगण में भव्य भजन संध्या और फाग महोत्सव का आयोजन हुआ। भजन गायकों ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, दीनानाथ मेरी बात छानी कोनी तेरे से और घूंघटियो आड़े आ गए जैसे सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री श्याम सेवा समिति ने जुलूस के दौरान प्रशासन से मिले भरपूर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। संपूर्ण आयोजन में समिति सदस्य सरोज अग्रवाल, तरुण मित्तल, सुरेंद्र जोशी, सुनील अग्रवाल, राजेश सारडा, संतोष शर्मा, गोलू भैया, विजय गोयल, सुधा अग्रवाल, रेखा गोयल सहित समस्त श्री श्याम सेवा समिति सदस्यों की सक्रिय व महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### माधव महाविद्यालय में मनाया गया 'मराठी राजभाषा गौरव दिन':

# प्रधानमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस माधव कॉलेज में आयोजन, 'लेझिम' नृत्य ने मोहा मन

### साहित्यकार कुसुमाग्रज और पूर्व विभागाध्यक्षा को दी गई श्रद्धांजलि

### स्वर्ण पदक प्राप्त दो पूर्व विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, वक्ताओं ने मातृभाषा के महत्व पर दिया जोर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



प्रधानमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के मराठी विभाग में 'मराठी राजभाषा गौरव दिन' उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार वि. वा. शिरवाडकर (कुसुमाग्रज) और मराठी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्षा स्व. डॉ. अपर्णा जोशी की स्मृति में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं ने कुसुमाग्रज की कविताओं का पाठ कर उन्हें आदरांजलि दी, तथा डॉ. अपर्णा जोशी के संस्मरणों और उनकी कविताओं का वाचन कर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ योगिनी पितळे द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पारंपरिक मराठी नृत्य 'लेझिम' की आकर्षक प्रस्तुति दी। समारोह में मराठी विषय में स्वर्ण पदक प्राप्त दो पूर्व विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनमें सहायक प्राध्यापक के पद पर चयनित श्रेयस कवडे और विद्यावाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त करने वाली डॉ. राजश्री राजेंद्र जोशी शामिल हैं। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय इंदौर के मराठी विभाग के प्राध्यापक डॉ. ज्ञानेश्वर तिखे ने कुसुमाग्रज की प्रसिद्ध कविता ₹कणा₹ (रीढ़ की हड्डी) का भावार्थ प्रस्तुत किया। उन्होंने मराठी शब्दों की ताकत का उल्लेख करते हुए इस कविता के गुलजार द्वारा किए गए हिंदी अनुवाद का भी वाचन किया। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय इंदौर की पूर्व विभागाध्यक्षा डॉ. लीला मोरे ने कहा कि सभी भाषाएं सम्माननीय हैं, लेकिन मराठी अत्यंत मधुर और अमृततुल्य है।

### गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को नई सुरक्षा नया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, क्षेत्रीय निदेशालय इंदौर द्वारा उज्जैन के गिग वर्कर्स के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय निदेशक जगदीश सिंह के निदेर्शानुसार आयोजित इस शिविर में वालमो, जोमैटो, फ्लिपकार्ट और विभिन्न डिलीवरी स्टोर्स के कर्मचारियों को ई-श्रम और आभा कार्ड के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में नई श्रम संहिताओं के लागू होने से मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि अब गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को न्यूनतम वेतन की गारंटी मिलेगी। इसके साथ ही ओवरटाइम करने पर दोगुना वेतन, 40 वर्ष से अधिक उम्र के कर्मचारियों का मुफ्त हेल्थ चेकअप और पीएफ एवं ग्रेच्युटी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं भी प्राप्त होंगी।

कार्यक्रम के दौरान संतोष कुमार ने ई-श्रम कार्ड के फायदे बताते हुए मौके पर ही असंगठित क्षेत्र के गिग वर्कर्स का पंजीयन करवाया। उन्होंने जानकारी दी कि 16 से 59 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिक अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड, आधार से लिंक सक्रिय मोबाइल नंबर और बैंक खाते की जानकारी होना आवश्यक है। शिविर में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की भी जानकारी दी गई।

# मजदूर हितों की अनदेखी पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

### राष्ट्रव्यापी आह्वान पर उज्जैन में मनाया गया विरोध दिवस

### कोठी पैलेस पर निकाली गई सांकेतिक रैली, लंबित मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



अखिल भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर शुक्रवार को उज्जैन में भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में ह्लविरोध दिवसह्ल मनाया गया। संघ से संबद्ध 25 विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने कोठी पैलेस स्थित कलेक्टर कार्यालय पर एकत्रित होकर सांकेतिक रैली निकाली और अपनी लंबित मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत ने बताया कि यह ज्ञापन कार्यक्रम देश के सभी जिलों में एक साथ आयोजित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य मजदूर वर्ग की विभिन्न लंबित मांगों की ओर केंद्र और प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी मांगों का वाचन किया और सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। इस दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा मजदूर हितों की अनदेखी की गई, तो भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में आगामी दिनों में इससे भी अधिक व्यापक और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधि सलाहकार शिवचरण शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आनंद शिंदे, विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, जिलाध्यक्ष मनीष कारपेंटर और कार्यकारी अध्यक्ष तूफान शर्मा उपस्थित रहे।

विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधित्व के रूप में आंगनवाड़ी से जिलाध्यक्ष उम्मीद तोमर व जिला महामंत्री रजनी सिसोदिया, आशा संघ से सुमन पटेल, घटिया गैस प्लांट से मलखान सिंह सिसोदिया, कमल राय व कुलदीप भभूतिया, राज्य कर्मचारी संघ से मांगीलाल पाटीदार व ओम जादौन तथा रेलवे से कैलाश भावसार व राजेश दीक्षित शामिल हुए।

इनके अलावा दैनिक वेतनभोगी संघ से प्रदीप झा, पंचायत सचिव संघ से सत्यनारायण शर्मा, अतिथि शिक्षक संघ से राहुल जायसवाल व आशीष शर्मा, शिक्षक संघ से प्रेम प्रकाश, आउटसोर्स कर्मचारी संघ से राजेश मालवीय, ई-रिक्शा संघ से बल्लू ठाकुर, प्राइवेट ट्रांसपोर्ट से अब्दुल हाफिज व प्रकाश त्रिवेदी, बिजली आउटसोर्स से राहुल मालवीय व पंकज डूंगरिया, हाथठेला संघ से संजय चौहान व कालूराम, कृषि उपज मंडी संघ से मोहन जायसवाल और अन्य संगठनों की ओर से बरखा कटारिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर एक नजर...

### सिंधी समाज की अनूठी पहल: चेटीचंड पर वंचित वर्ग को मिलेगी हेलीकॉप्टर से हवाई यात्रा की सौगात

**उज्जैन।** सिंधी समाज, उज्जैन द्वारा आगामी चेटीचंड के अवसर पर एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। समाज के अंतिम पंक्ति के वे लोग और गरीब वर्ग, जिनके लिए हवाई यात्रा करना केवल एक सपना होता है, उन्हें अब समाज की ओर से हेलीकॉप्टर से तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। सिंधी समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र कृपलानी ने बताया कि समाज का यह पुनीत कार्य डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन को दी गई सौगात के माध्यम से किया जाएगा। समाज के पिछड़े वर्ग का यह सपना साकार करने के लिए कोर कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस बैठक में संतोष लालवानी, राजकुमार परसवानी, गिरधारी लालवानी, राजू छतवानी, सुरेश तेजवानी और गंगाराम राघवानी सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

### 28 को सजेगी हास्य-फुहार की महफिल, ख्यात कवि करेंगे रचना पाठ

**उज्जैन।** दृष्टि इंडिया न्यूज परिवार की ओर से शनिवार, 28 फरवरी 2026 को शहर में ह्लहास्य-फुहारह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दशहरा मैदान स्थित होटल सुराना पैलेस में दोपहर 12 से 2 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में उज्जैन के ख्यात कवि अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। दृष्टि इंडिया न्यूज चैनल के डायरेक्टर राम सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साहित्यिक महफिल में शहर के जाने-माने कवि श्रोताओं को अपनी कविताओं से गुदगुदाएंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार व कवि मुकेश जोशी, डॉ. राजेश रावल, भारत पंड्या, राहुल शर्मा (सूत्रधार), सुरेंद्र सिंह ठाकुर (सर्किट), सुगन चंद जैन, शशांक दुबे और सौरभ चातक कविता पाठ करेंगे।

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में इंटरनेट ऑफ थिंग्स का भविष्य: नवाचार और चुनौतियां विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

### डिजिटल परिवर्तन का मुख्य आधार है इंटरनेट ऑफ थिंग्स: प्रो. अर्पण भारद्वाज

### वक्ताओं ने कहा- स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ मिलकर तकनीक तय करेगी नई दिशा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान संस्थान (आईसीएस) के संगोष्ठी कक्ष में गुरुवार को इंटरनेट ऑफ थिंग्स का भविष्य: नवाचार और चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह अकादमिक आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की पीएम-उषा योजना और एमपीकॉन लिमिटेड, भोपाल के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

### स्मार्ट सिटी और शिक्षा में अहम भूमिका

कार्यक्रम के संरक्षक और कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) वर्तमान समय में डिजिटल परिवर्तन का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट शिक्षा, स्मार्ट स्वास्थ्य और स्मार्ट शहरों के विकास में इस तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सह-संरक्षक एवं कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने कहा कि यह तकनीक उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सेतु का कार्य कर रही है, इसलिए विद्यार्थियों को नई तकनीकों के अनुरूप अपने कौशल विकसित करने की आवश्यकता है।

### स्टार्टअप और रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

मुख्य वक्ता, निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरजीत सिंह गौर ने इस तकनीक के व्यावहारिक उपयोग, स्टार्टअप अवसरों और उद्योग में इसकी बढ़ती मांग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में स्वचालन (ऑटोमेशन), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का संयोजन तकनीकी क्रांति को एक नई दिशा प्रदान करेगा।

### नवाचार के साथ सुरक्षा चुनौतियां भी मौजूद

मुख्य संयोजक डॉ. उमेश कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि नवाचारों के साथ-साथ यह तकनीक डेटा सुरक्षा, गोपनीयता और नेटवर्क विश्वसनीयता जैसी चुनौतियां भी प्रस्तुत करती है, जिन पर निरंतर शोध और जागरूकता आवश्यक है। संस्थान के निदेशक डॉ. कमल बुनकर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अनुसंधान और प्रायोगिक शिक्षण को बढ़ावा देने पर बल दिया।

डॉ. क्षमाशील मिश्रा ने कार्यक्रम के उद्देश्य व आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला और अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के शोधार्थियों, विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मातृभाषा में संवाद कर बढ़ाएं भाषाओं का मान, कणा कविता का हुआ पाठ

### माधव महाविद्यालय में मना मराठी राजभाषा गौरव दिन

### कुसुमाग्रज व डॉ. अपर्णा जोशी को दी गई श्रद्धांजलि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




प्रधानमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के मराठी विभाग में ह्लमराठी राजभाषा गौरव दिनह्ल मनाया गया। इस अवसर पर विपुल साहित्य रचने वाले प्रसिद्ध साहित्यकार वि. वा. शिरवाडकर (कुसुमाग्रज) और मराठी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्षा स्व. डॉ. अपर्णा जोशी की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभाग के पूर्व छात्र-छात्राओं ने कुसुमाग्रज की कविताओं का पाठ कर उन्हें आदरांजलि दी तथा डॉ. अपर्णा जोशी से जुड़े संस्मरण सुनाकर व कविताओं का वाचन कर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की। मराठी शब्दों में है अनोखी ताकत

मुख्य वक्ता के रूप में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय (इंदौर) के मराठी विभाग के प्राध्यापक डॉ. ज्ञानेश्वर तिखे उपस्थित थे। उन्होंने कुसुमाग्रज की सुप्रसिद्ध मराठी कविता कणा (रीढ़ की हड्डी) का भावार्थ स्पष्ट करते हुए मराठी भाषा के शब्दों की ताकत के बारे में बताया।

# उज्जैन महापौर चुनाव विवाद: महापौर और निर्वाचन अधिकारी की आपत्तियां खारिज, चुनाव याचिका पर होगी सुनवाई

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने प्रत्यर्थी 1, 4 और 5 के आवेदन किए निरस्त; मतगणना में गड़बड़ी और रिकाउंटिंग न करने के हैं आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन नगर निगम के महापौर चुनाव 2022 के मामले में न्यायालय ने एक अहम फैसला सुनाया है। प्रधान जिला न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता की अदालत ने चुनाव याचिका को सुनवाई योग्य मानते हुए प्रत्यर्थी क्रमांक-1 (महापौर), प्रत्यर्थी क्रमांक-4 (निर्दलीय प्रत्याशी बाबूलाल चौहान) और प्रत्यर्थी क्रमांक-5 (जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर) की ओर से लगाए गए आवेदनों को खारिज कर दिया है। अब इस चुनाव याचिका पर अदालत में आगे की सुनवाई होगी।

मामले में पैरवी कर रहे सीनियर हाईकोर्ट एडवोकेट रसिक सुगंधी ने बताया कि 17 जुलाई 2022 को संपन्न हुए उज्जैन नगर पालिक निगम के महापौर चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार (याचिकाकर्ता) ने चुनाव प्रक्रिया को चुनौती देते हुए याचिका दायर की है। याचिका में आरोप है कि मतगणना के बाद निर्वाचन अधिकारी ने शाम को याचिकाकर्ता को 1,33,317 और प्रत्यर्थी क्रमांक-1 (भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी) को 1,34,240 मत प्राप्त होने की घोषणा की थी, जिससे याचिकाकर्ता 923 मतों से पराजित हुआ। असत्य मतों की घोषणा का आरोप लगाते हुए याचिकाकर्ता ने तुरंत लिखित में पुनः मतगणना (रिकाउंटिंग) की मांग की थी।

याचिका के अनुसार, रिटर्निंग ऑफिसर ने पहले आश्वस्त किया था कि आंकड़े गलत पाए जाने पर रिकाउंटिंग होगी, लेकिन बाद में सत्ता दल के दबाव में आकर मांग खारिज कर दी गई और प्रारूप 21-क में जानबूझकर असत्य इन्द्राज किए गए। याचिका में एक गंभीर आरोप यह भी है कि मतदान केंद्र क्रमांक 274 पर याचिकाकर्ता को 277 मत मिले थे, लेकिन उसे 217 मत दर्शाकर 60 वैध मतों को अनुचित रूप से अस्वीकृत कर दिया गया।

### प्रतिवादियों ने लगाई थी याचिका निरस्त करने की गुहार

इस चुनाव याचिका (क्रमांक 02/2022) के खिलाफ प्रत्यर्थी क्रमांक-1, क्रमांक-4 और क्रमांक-5 ने आदेश 7 नियम 11 सीपीसी के तहत आवेदन (आई.ए. नंबर 2/22, 3/22 और 4/22) प्रस्तुत कर अदालत से इसे निरस्त करने की मांग की थी। उनका तर्क था कि याचिका विधिक प्रावधानों के विपरीत है, इसमें वाद कारण का अभाव है, तथ्यों को छिपाया गया है और इसका सत्यापन सही नहीं है, इसलिए इसे प्रारंभिक तौर पर ही खारिज किया जाए।

### न्यायालय का निर्णय: बिना साक्ष्य नहीं पहुंच सकते निष्कर्ष पर

न्यायालय ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद 19 फरवरी 2026 को पारित अपने आदेश में स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में सभी आवश्यक बिंदुओं का विस्तृत रूप से उल्लेख किया है और इसके समर्थन में शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। न्यायालय ने कहा कि प्रत्यर्थियों द्वारा उठाई गई आपत्तियां प्रथम दृष्टया स्वीकार योग्य नहीं हैं और बिना साक्ष्य लिए इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि याचिका असत्य रूप से प्रस्तुत की गई है।

इस आधार पर न्यायालय ने प्रत्यर्थी 1, 4 और 5 द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदनों (आई.ए. नंबर 02/22 से 04/22) को निरस्त कर दिया है।

## निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत, कुलगुरु ने की महत्वपूर्ण घोषणाएं

# विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित होगी हथकरघा इकाई, आचार्य विद्यासागर पीठ को मिलेगा उचित स्थान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में स्थापित आचार्य विद्यासागर पीठ एवं शोध संस्थान द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता का सम्मान समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने आचार्य विद्यासागर के प्रकल्पों और समाज निर्माण में संस्कारों की भूमिका पर गहन विचार रखे।

समारोह को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने संस्कार आधारित शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के वैचारिक और नैतिक पोषण के लिए ऐसे केंद्रों की महती आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में पीठ के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराने तथा हथकरघा इकाई स्थापित करने की सहमति प्रदान की।



प्रखर जैन विद्वान डॉ. अनुपम जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज्ञान की सार्थकता तभी है जब वह चरित्र में उतरकर जीवन को दिशा दे। उन्होंने प्रतियोगिता के श्रेष्ठ निबंधों का प्रकाशन करने और नियमित व्याख्यानमाला प्रारंभ करने का महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया।

पीठ के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. शैलेंद्र भारिल्ल ने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अब पीठ के माध्यम से विश्वविद्यालय में शोध, संगोष्ठियां और व्याख्यानमाला जैसी अकादमिक गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रतिभास्थाली इंदौर से आईं दीदियों ने सहभागिता की। अपने तप और उत्कृष्ट वक्तृत्व के लिए पहचानी जाने वाली दीदियों ने आचार्य विद्यासागर के प्रकल्पों और उनके दूरदर्शी विचारों पर प्रभावशाली उद्बोधन दिया। उनके ओजस्वी विचारों ने उपस्थित जनसमूह को सकारात्मक परिवर्तन और आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया।

## खबर एक नजर...

### रेल लाइन पर तीन गोवंश मालगाड़ी की चपेट में आने से गाय की मौत दो घायल

**खिलचीपुर।** नगर में मंगल, बुधवार की रात रेलवे स्टेशन के पास फतेहपुर और जामुनिया के बीच रेल पटरी पर तीन गौवंश मालगाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे में एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

बुधवार सुबह ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे तो एक गाय का शव पटरी किनारे पड़ा मिला। एक घायल बैल का एक पैर पूरी तरह कट चुका था और पूंछ भी क्षतिग्रस्त थी। वह उठने की हालत में नहीं था। आसपास आवारा कुत्ते और पक्षी मंडरा रहे थे। तीसरी गाय जामुनिया गांव की बताई जा रही है। उसका एक पैर आंशिक रूप से कटा हुआ है। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसके पैर में पट्टी बांधकर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे ट्रैक के आसपास अक्सर मवेशी घूमते रहते हैं। यहां न तो सुरक्षा फेंसिंग है और न ही मवेशियों को रोकने के लिए कोई ठोस इंतजाम। लोगों ने रेलवे प्रशासन से स्टेशन और गांवों के बीच ट्रैक किनारे सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है।

# निगम आयुक्त ने शांति पैलेस से नानाखेड़ा चौराहे तक किए जा रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

## स्लैब डालने का कार्य गुणवत्ताहीन पाए जाने पर आयुक्त ने अपनी मौजूदगी में तुड़वाकर वापस नए सिरे से बनाने के दिए निर्देश



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शुक्रवार को इंदौर रोड स्थित शांति पैलेस से नानाखेड़ा चौराहे तक किए जा रहे चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जब ठेकेदार द्वारा स्लैब डालने का कार्य फिनिशिंग से नहीं किया गया तो निगम आयुक्त ने उसे अपनी मौजूदगी में तुड़वाया और वापस फिनिशिंग के साथ बनाने के निर्देश दिए। शहर में कई जगह आगामी सिंहस्थ को लेकर निर्माण कार्य चल रहे हैं। ऐसे में लगातार निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जाने के लिए व और कार्यों में तेजी लाने को लेकर लगातार निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं इसी के तहत शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा शांति पैलेस चौराहे से नानाखेड़ा तक किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। शांति पैलेस चौराहे से नानाखेड़ा चौराहे तक लगभग 12.5 करोड़ की लागत से 45 मीटर चौड़े एवं लगभग 450 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है वर्तमान में स्ट्रांग वॉटर ड्रेन का कार्य किया जा रहा हैं ड्रेन के अंदर डाले गए पाइप के ऊपर जो कंक्रीट कार्य किया जा रहा था वह उच्च क्वालिटी का एवं फिनिशिंग से नहीं हो रहा था निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने जब देखा कि कार्य फिनिशिंग से नहीं हो रहा है तो उन्होंने तत्काल अपनी मौजूदगी में उसे तुड़वाया और वापस नया स्लैब डालने के निर्देश दिए ।

# सुसनेर में दिव्यांग विद्यार्थियों को मिले निशुल्क सहायक उपकरण




ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुसनेर

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा केंद्र आगर मालवा के मार्गदर्शन में विकासखंड सुसनेर के जनपद शिक्षा केंद्र परिसर में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए निशुल्क उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पात्र विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिससे वे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक दिव्यांग छात्र-छात्रा को गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा का लाभ मिले। विकासखंड स्रोत समन्वयक राधेश्याम पाटीदार एवं आईईडी समावेशी शिक्षा प्रभारी ओमप्रकाश पाटीदार ने बताया कि ऐसे शिविरों से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और उनके शैक्षणिक विकास को गति मिलती है। शिविर में बीएसी संतोष भेनिया, विजय जैन, लेखपाल टेकचंद गहलोत, सचिन जैन सहित बीआरसी कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। उपकरण वितरण में (एएलआईएमको) उज्जैन से आए ऑडियोलॉजिस्ट मनोज कुमार एवं टेक्नीशियन गौरव कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रतलाम-बांसवाड़ा हाईवे पर खाने के तेल के डिब्बों से भरे ट्रक में आग लगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



रतलाम-बांसवाड़ा हाईवे पर रतलाम से करीब 24 किलोमीटर दूर सैलाना व सरवन के बीच कल्याण केदारेश्वर घाट पर गुरुवार व शुक्रवार की दरमियानी रात खाने के तेल से डिब्बों से भरे ट्रक में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारी दमकल लेकर मौके पर पहुंचे।

दमकलकर्मियों ने लगातार मेहनत कर करीब दो घण्टे में आग बुझाई, लेकिन तब तक ट्रक और उसमें रखे तेल के करीब 1500 डिब्बे जल चुके थे। आग से ट्रक और तेल के डिब्बे जलने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ। आधी रात ट्रक में लगी आग को बुझा दिया गया था, लेकिन कुछ घंटे बाद सुबह वापस ट्रक में आग लग गई, जिसे पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने वापस मौके पर पहुंच कर बुझाया। जानकारी के अनुसार ट्रक गुजरात के अहमदाबाद खाने के रिफाइंड तेल के करीब 1500 डिब्बे लेकर बांसवाड़ा हाईवे से होकर रतलाम आ रहा था। तभी 26 व 27 फरवरी की दरमियानी रात 12 से 12.30 बजे के बीच सैलाना व सरवन के बीच केदारेशव घाट से गुजरते समय अचानक ट्रक में आग लग गई। इसकी सूचना किसी ने राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल पर 12.25 बजे दी। सूचना मिलते ही वहां से सैलाना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके पर रवाना किया गया एवं फायर टीम को सूचना दी गयी। डायल-112 पर तैनात स्टाफ एएसआई वीर सिंह देवड़ा, आरक्षक मुरली कटारिया एवं पायलट जीवन खराड़ी तथा सैलाना नगर परिषद फायर ब्रिगेड के कर्मचारी दमकल लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। दमकलकर्मियों व पुलिसकर्मियों ने करीब 2 घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक बुरी तरह जल चुका था और उसमें रखे खाने के तेल के 1500 डिब्बे जलकर राख हो चुके थे। मौके पर सैलाना नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला सहित परिषद के कुछ कर्मचारी भी पहुंचे और राहत कार्य में सहयोग किया।

**आग बुझाने के बाद यातायात हुआ**

आग लगने से सड़क पर यातायात थम गया। पुलिस ने ट्रक में लगी विकराल आग को देखते हुए मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था, ताकि अन्य वाहन आग की चपेट में न आएं। अन्य वाहनों को दोनों तरफ दूर ही रोक दिया गया था। आग बुझाने के बाद यातायात चालू किया गया। ट्रक में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन ट्रक चालक का कहना है कि शार्ट सर्किट आग लगी है। पुलिस आग लगने के कार्यो की जांच कर रही है ट्रक चालक रशीद पिता कल्लुखा निवासी टैंकर रोड रतलाम ने मीडिया कर्मियों को बताया कि वह अहमदाबाद से खाने के तेल के डिब्बे ट्रक में भरकर रतलाम की कृष्णा ट्रेडिंग संस्थान के गोदाम पर ले जा रहा था। घाट पर अचानक ट्रक में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। आग डीजल टैंक तक पहुंच गई थी। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया।

### रेडक्रॉस सोसायटी में सदस्यता अभियान चलाकर चुनाव करवाए

**जावरा ।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चुनाव लंबे समय से नहीं होने के कारण अब चुनाव करवाने की आवाज उठने लगी है। चुनाव नहीं होने से नई कार्यकारिणी का गठन भी नहीं हो पा रहा है। रेड क्रॉस से कई समाजसेवी जुड़कर सेवा कार्य करना चाहते हैं। इसके लिए सदस्यता अभियान चलाकर नए सदस्यों को जोड़कर शीघ्र चुनाव करवाए जावे।

# एनएसयूआई ने विक्रम यूनिवर्सिटी में दिया मौन धरना, गिरफ्तारी के विरोध में उठाई आवाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




कोठी रोड स्थित विक्रम यूनिवर्सिटी परिसर में एनएसयूआई द्वारा गैरकानूनी गिरफ्तारी के विरोध में मौन धरना दिया गया। यह धरना एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। धरने से पूर्व एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने न्याय सम्राट विक्रमादित्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से मौन धरना देकर विरोध दर्ज कराया गया।यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस (कउ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब की कथित गैरकानूनी गिरफ्तारी के विरोध में किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तख्तियों के माध्यम से प्रधानमंत्री समझौतावादी हो गए हैं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को रिहा करो और ट्रेड डील एक धोखा है जैसे संदेशों के साथ अपनी मांग रखी। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति की आवाज को दबाने की किसी भी कोशिश का विरोध किया जाएगा। संगठन का उद्देश्य युवाओं और छात्रों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना, राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाईयों का शांतिपूर्ण प्रतिकार करना तथा गिरफ्तार नेताओं की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करना है।

# प्रसिद्ध व्यंग्यकार बी.एल. आच्छा को मिलेगा व्यंग्य यात्रा व्यंग्य चिंतक सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

'व्यंग्य यात्रा' के तत्वावधान में प्रति वर्ष आयोजित होने वाला 'व्यंग्य यात्रा व्यंग्य चिंतक सम्मान' शहर के प्रसिद्ध व्यंग्यकार बी.एल. आच्छा को प्रदान किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए डॉ. हरीशकुमार सिंह ने बताया कि बी.एल. आच्छा के कई व्यंग्य संकलन प्रकाशित हुए हैं और उनकी व्यंग्य रचनाएं मुंबई विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में सम्मिलित की गई हैं। मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति इंदौर के शताब्दी सम्मान सहित आलोचना, संपादन और लघुकथा के लिए आपको कई सम्मान प्राप्त हैं। 'व्यंग्य यात्रा व्यंग्य चिंतक सम्मान' शहर के प्रसिद्ध व्यंग्यकार बी.एल. आच्छा और संजीव कुमार (नई दिल्ली) को प्रदान किया जा रहा है।

सम्मान देने का यह निर्णय वरिष्ठ व्यंग्यकार और व्यंग्य यात्रा के सम्पादक प्रेम जनमेजय की अध्यक्षता वाली समिति ने लिया, जिसमें ममता कालिया और साहित्यकार रणविजय राव शामिल हैं। व्यंग्य यात्रा की दो दशकीय यात्रा को रेखांकित करने वाले इस सम्मान की राशि पंद्रह हजार रुपए है। सम्मानित होने वाले दोनों साहित्यकारों को सम्मान राशि के साथ प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल दिया जाएगा। सम्मान समारोह 21 मार्च, 2026 को दिल्ली स्थित हिंदी भवन में शाम 5 बजे आयोजित होगा।

प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन के अध्यक्ष प्रो. हरिमोहन बुधौलिया, प्राची के अध्यक्ष एवं व्यंग्यकार शशांक दुबे आदि ने बी.एल. आच्छा की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रदान कर हर्ष व्यक्त किया।

## जयरामपुरा के पूर्व सरपंच के निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त

**नजरपुर।** जनपद पंचायत घटिया के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जयरामपुरा के 38 वर्षीय युवा पूर्व सरपंच व कांग्रेस नेता का गुरुवार की रात्रि को वाहन दुर्घटना में निधन हो गया। उनके निधन की खबर जैसे ही आसपास के गांवों में फैली क्षेत्र मे मातम छा गया। अपनी सादगी सहजता व मिलन सरिता एवं सेवा भावना के कारण वे क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। समीपस्थ ग्राम पंचायत जयरामपुरा के युवा पूर्व सरपंच व कांग्रेस नेता राकेश परमार रोजाना की तरह उज्जैन स्थित अपने घर से रात्रि 9.30 बजे की दरम्यान मारुति से अपने गांव जयरामपुरा आ रहे थे। अपने गांव के पास उज्जैन- गरोठ रोड क्रॉसिंग से कुछ दूरी पर कोल्ड ड्रिंक से भरा हुआ मेटाडोर पंचर अवस्थ मे रोड पर ही खड़ा था, रोड पर खड़े पंचर वाहन के इंडिकेटर बंद होने से मृतक राकेश उसे ठीक से देखा नहीं पाए और उनकी मारुति रोड पर खड़े मेटाडोर से जा टकराई जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। उनकी शवयात्रा में क्षेत्र के सभी जाति धर्म और मजहब के नागरिकगण एवं विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के सैकड़ों नेता गण और पदाधिकारी गण शामिल हुए।

# एफआईआर की बात से व्यापारी हुए नाराज, कृषि उपज मंडी में मचा बवाल, नीलामी बंद होने से किसानों ने किया हंगामा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगर मालवा

जिले की कृषि उपज मंडी में गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बीती रात ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से नीचे लटक रही बिजली की केबल टूट गई और दो बिजली पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। रात की यह घटना सुबह बड़े विवाद में बदल गई और मंडी का पूरा कामकाज प्रभावित हो गया। बताया जा रहा है कि घटना की जानकारी मिलने पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने नुकसान को गंभीर मानते हुए व्यापारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही। जैसे ही यह सूचना व्यापारी संघ तक पहुंची, व्यापारी आक्रोशित हो उठे और विरोध में मंडी की नीलामी प्रक्रिया तत्काल बंद कर दी। इतना ही नहीं, मंडी का मुख्य द्वार भी बंद कर दिया गया, जिससे मंडी का पूरा संचालन ठप हो गया। मण्डी व्यापारी ऐशोसिएशन के अध्यक्ष सतिश मिततल द्वारा अपने लेटर पेड पर कृषि उपज मंडी सचिव को श्री सिन्हा को जानकारी देते हुवे बताया कि कि मण्डी प्रांगण मे म.प्र.वि.म. आगर द्वारा बिजली की लाइन डाली



गई है उपरोक्त लाइन के तार बहुत ज्यादा नीचे डले हुए है इस कारण से किसी भी कृषक या अन्य वाहन द्वारा बिजली के तार तोड दिये गए है 26 फरवरी को बिजली कम्पनी के अधिकारी मंजेष मिश्रा द्वारा व्यापारी के खिलाफ एफआईआर करने की घौस दी गई। हमारी एसोशिएशन के सभी सदस्य इसके विरोध स्वरूप अनिश्चित कालीन नीलामी में भाग नहीं लेगे एवं पूरे मण्ठी प्रांगण की केबल उची नही हो जाती है तब तक हम मण्डी नीलामी में भाग नहीं लेगी।

नीलामी बंद होने से अपनी उपज बेचने आए किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सैकड़ों किसान मंडी प्रांगण में अपनी फसल लेकर खड़े रहे और जब बोली शुरू नहीं हुई तो उनका गुस्सा फूट पड़ा। किसानों ने मंडी कार्यालय और परिसर के बाहर जोरदार हंगामा किया और जल्द नीलामी शुरू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। स्थिति बिगड़ती देख कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को काबू में करने की कोशिश की। करीब एक घंटे से अधिक समय तक मंडी में नीलामी कार्य पूरी तरह बंद रहा और तनावपूर्ण माहौल बना रहा। इसी बीच बिजली विभाग के सहायक यंत्री मंजेश कुमार मिश्रा, मंडी सचिव अवनीश सिन्हा और व्यापारी प्रतिनिधियों के बीच मंडी सचिव के चेंबर में बैठक हुई। व्यापारियों की ओर से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष भरत प्रजापति भी मौके पर पहुंचे और मध्यस्थता करते हुए मामले को शांत कराने का प्रयास किया।

लंबी चर्चा के बाद मंडी सचिव अवनीश सिन्हा ने स्पष्ट किया कि टूटे हुए बिजली पोल और केबल की क्षतिपूर्ति कर दी जाएगी तथा किसी भी पक्ष के खिलाफ तत्काल कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि एफआईआर की बात को लेकर व्यापारियों में नाराजगी थी, जिसे समझाइश के बाद दूर कर दिया गया है।

समझौते के बाद स्थिति सामान्य हुई और बंद पड़ी नीलामी प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी गई। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम ने मंडी व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि यह घटना रात में हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया - यदि यही घटना दिन के समय होती तो गंभीर जनहानि भी हो सकती थी।

## कैवल्यधाम योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण

**देवास।** शासकीय विधी महाविद्यालय देवास प्राचार्य डॉ. अजय कुमार चौहान की अध्यक्षता में कैवल्यधाम योग संस्थान भोपाल के प्रशिक्षक आचार्य ईश्वर चंद्र विशाल जी द्वारा करवाए जा रहे योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में योग केंद्र कैवल्यधाम संस्थान भोपाल के ट्रेनिंग कोर्डिनेटर एवं योग प्रशिक्षक आचार्य श्री राकेश चौहान सर द्वारा योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण कर प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट सोहन सिंह गुर्जर एवं प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। संचालन प्रोफेसर ज्योति जोशी एवं आभार महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट सोहन सिंह गुर्जर द्वारा किया गया।

## आरोपी ने मजदूर के साथ फावड़े से की मारपीट

**शाजापुर।** सड़क निर्माण कर रहे मजदूर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आबिद शेख शाजापुर ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह शाम करीब 5.30 बजे मनिहारवाड़ी में सड़क निर्माण का कार्य कर रहा था, इसी दौरान शेफ अली शाह वहां पहुंचा और काम को लेकर विवाद करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने फावड़ा उठाकर आबिद के सिर पर वार कर दिया।

# भारतीय मजदूर संघ के संगठनों ने धरना प्रदर्शन कर विशाल रैली निकाली व ज्ञापन सौंपा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ कलेक्टर कार्यालय में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले विभिन्न अनुसांगिक संगठनों के सदस्यों की उपस्थिति में धरना प्रदर्शन आयोजित कर विशाल रैली निकाली गई जिससे पूरा क्षेत्र भारतीय मजदूर संघ के नारों से गूंज उठा श्रमिक कर्मचारियों की मांगो के समर्थन में 6 सूत्री मांगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एवं 46 सूत्री मांगे मुख्यमंत्री मोहन यादव के ज्ञापन का वाचन कर ज्ञापन कलेक्टर राजगढ़ को सोपा

जिसमें बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी, सहायिका कार्यकर्ता संघ, बिजली कर्मचारी महासंघ, सेवानिवृत्ति पेंशनर संघ, राज्य कर्मचारी संघ,विद्युत पेंशनर संघ, मण्डी हम्माल तुलावटी संघ, आशा कार्यकर्ता, पर्यावरण मंच, वरिष्ठ नागरिक परिषद, स्वालंबन भारत परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे इस अवसर पर प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री जितेंद्रसिंह भदोरिया, पवन मेहता प्रदेश पर्यावरण संयोजक, गोपाल शर्मा विभाग प्रमुख जिला राजगढ़ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रदेश मंत्री कृष्णा मालवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे धरना प्रदर्शन ज्ञापन देने का कार्य भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना के नेतृत्व में हुआ इसमें ब्यावरा तहसील भारतीय मजदूर संघ अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष देवीसिंह सोंधिया श्रीमती सूर्य किरण शर्मा कोषाध्यक्ष विश्वास ब्यावरा तहसील अध्यक्ष जगन्नाथ लोधी, रंगलाल दांगी, अनीता महावर ,श्रीमती त्रिपाठी ,साइना मंसूरी, सलमा, तुलावटी संघ प्रदेश मंत्री धीरज नागर,वरिष्ठ नागरिक परिसर से राजेंद्र सक्सेना ,रघुवीर सिंह सिसोदिया, स्वालंबन भारत जिला संयोजक एवं सेवानिवृत्ति पेंशनर संघ जिला संयोजक बापूजी सुमन, बाबूलाल शर्मा, विद्युत पेंशन जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा, आउटसोर्स विद्युत कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष महेश शर्मा विनोद वर्मा, हम्माल तुलावटी जिला अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा ,राजेंद्र उमठ नितिन , दुर्गा प्रसाद,भवरलाल,मनोहर यादव राज्य कर्मचारी जिला अध्यक्ष नागेंद्र सिंह गुर्जर ,जिला मंत्री यशवंत यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद सक्सेना ,संगठन मंत्री अखिलेश शर्मा सी एल यादव आदि बड़ी संख्या में संगठन के लोग उपस्थित रहे है भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

## पं दीनदयाल स्मृति व्याख्यान एवं कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगर मालवा

मध्यप्रदेश सांस्कृतिक विभाग के अंतर्गत आयोजित पं दीनदयाल स्मृति समारोह मे आगर नगर में भव्य कवि सम्मेलन एवं व्याख्यान का आयोजन नगर पालिका के गांधी उपवन स्थित हाल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भोपाल के निर्देशक मुकेश कुमार मिश्रा ने पं. दीनदयाल के जीवनमूल्य एवं मानव एकात्मवाद पर प्रकाश डाला। सह व्याख्यान के लिए मध्यप्रदेश योग आयोग के सदस्य हरीश जी श्री वास्तव ने पं दीनदयाल जी के जीवनवृतांत का वर्णन किया।

मंचासीन अतिथि के रूप में कार्यक्रम के सयोंजक एवं परशुराम सेना प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं ब्रह्म कुमारी किरण दीदी उपस्थित थी। मां शारदा के पूजन से कार्यक्रम का आरंभ हुआ । सरस्वती वंदना की प्रस्तुति ब्रह्म कुमारी किरण दीदी द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत भोपाल से आये साहित्य अकादमी के प्रतिनिधि राकेश सिंह, श्रीमति श्वेता शर्मा द्वारा साफा बांध कर साल श्री फल भेट कर किया गया । द्वितीय सत्र मे काव्य पाठ मे प्रदेश के विभिन्न जिलों से आमंत्रित कवि बंधुओं ने काव्य पाठ किया।

# रंगों के साथ मिठास का संगम, बाजारों में शक्कर की माला की धूम

**सुसनेर।** रंगों का पावन पर्व होली जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे नगर के बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है। गुलाल, अबीर, पिचकारी और तरह-तरह की मिठाइयों के साथ इस बार शक्कर की मीठी माला लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह माला न केवल बच्चों को लुभा रही है, बल्कि युवा, महिलाएं और बुजुर्ग भी इसे बड़े उत्साह के साथ खरीद रहे हैं। होली के रंगों के बीच यह मिठास भरी परंपरा रिश्तों में प्रेम और सौहार्द घोलने का काम कर रही है। शक्कर की माला पहनने और एक-दूसरे को भेंट करने की परंपरा वर्षों पुरानी है। होली पर लोग आपसी मनमुटाव और गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को माला पहनाते हैं और मिठास से भरे संबंधों की शुरूआत करते हैं। यह परंपरा खासतौर पर बच्चों और युवाओं में लोकप्रिय है। लेकिन अब हर आयु वर्ग के लोग इसे अपनाने लगे हैं। कई परिवारों में होली के दिन रंग लगाने के बाद शक्कर की माला पहनाकर बड़ों का आशीर्वाद लेने की भी परंपरा निभाई जाती है। नगर के प्रमुख बाजारों में इन दिनों शक्कर की माला की मांग लगातार बढ़ रही है। दुकानदार आशिष जैन ने बताया कि जैसे-जैसे होली का पर्व करीब आ रहा है, बिक्री में तेजी देखी जा रही है। थोक में शक्कर की कीमत लगभग 100 रुपये प्रति किलो है, जबकि एक माला 15 से 20 रुपये में बिक रही है। बाजार में सात, नौ और 11 पीस की अलग-अलग आकार की मालाएं उपलब्ध हैं। जिन्हें ग्राहक अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीद रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार मांग अधिक है। व्यापारियों के अनुसार, सुबह से देर शाम तक ग्राहक मालाएं खरीदने पहुंच रहे हैं।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवनस्वामी :- 1. श्रीमती रजनी जैन पति श्री योगेश जैन निवासी-3, गौतम मार्ग, उज्जैन, 2. श्रीमती संगीता पति श्री अशोक जैन निवासी-119, चौसठ योगिनी मार्ग, नयापुरा उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य संपत्ति निम्नानुसार हैः- संपत्ति क्रमांक-1 भवन नगर पालिका निगम पुराना क्रमांक-5/2341 नया नगर पालिक निगम क्रमांक 27 अब्दालपुरा उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन तीन मंजिला आर.सी.सी. का निर्मित है। भवन का कुल क्षेत्रफल-68. 00 वर्गमीटर है। उक्त भवन की तल मेंजिल का निर्मित क्षेत्रफल 68 वर्गमीटर है एवं प्रथम मंजिल का निर्मित क्षेत्रफल-126.44 वर्गमीटर है एवं इसी प्रकार द्वितीय मंजिल का निर्मित क्षेत्रफल-126.44 वर्गमीटर है। द्वितीय मंजिल के उपर की छत विक्रय में शामिल नही है संपत्ति क्रमांक-2 भवन नगर पालिका निगम पुराना क्रमांक-5/2341 नया नगर पालिक निगम क्रमांक 27 अब्दालपुरा उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन की द्वितीय मंजिल के ऊपर की खुली छत जो हवाई हक सहित है, जिसका कुल क्षेत्रफल-126.44 वर्गमीटर अर्थात 1361. 00 वर्गफीट है जो की आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग की है। मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय मुल्य की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी भवन स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विकय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांकः-28/02/2026

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्याः C-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स**
**उज्जैन, मोबाः 89891-45770**


## नकली नोट चालाने वाले गिरोह को कारावास और अर्थ दंड की सजा

**सारंगपुर।** सारंगपुर न्यायालय ने नकली नोट गिरोह को दोषी मानते हुए कारावास और अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। प्रकरण की जानकारी देते हुए अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चौहान ने बताया की सारंगपुर न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह ने न्यायालय में प्रचलित प्रकरण क्रमांक 403/2022 अंतर्गत धारा, 489-बी, 489-सी भारतीय दंड संहिता में अभियुक्त प्रेम सिंह पिता गंगाराम, मांगीलाल पिता बालू सिंह, निवासी ग्राम बिरजीपुरा, मुकेश पिता दुले सिंह निवासी ग्राम बासिया, जितेंद्र पिता राम प्रसाद निवासी ग्राम आनंदीखेडी द्वारा 9 अप्रैल 2022 को दोपहर 12:30 बजे के लगभग 500-500 रुपये के नकली नोट आगर तिराहा सारंगपुर के पास एक व्यक्ति नकली नोट तैयार कर उन्हें बाजार में असली नोट के रूप में चलाने की फिराक में घूम रहा है। सारंगपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना के आधार पर उक्त संदिग व्यक्ति को पकड कर उसकी तलाश ली तो उसके पास से 500 - 500 रुपये के 17 नकली नोट जब्त किए, आरोपित से जब उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम प्रेम सिंह बताया, और बताया की उसके साथ तीन अन्य आरोपीगण मांगीलाल, मुकेश, व जितेंद्र भी हैं।

# सारंगपुर में ट्रक लूट का खुलासा 11 टन लोहा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर पुलिस ने 11 टन लोहे से भरे ट्रक की लूट का मामला 48 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान एक दिलचस्प मोड आया, जब पुलिस ने जिसे शुरूआत में आरोपित समझा था, वह असल में पीडित निकला। गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि फरियादी रामवीर जाट ने 20 फरवरी को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 13 फरवरी को भारत इंजीनियरिंग से खरीदा गया 11 टन लोहे का भंगार एक ट्रक में लोड कर नासिक के लिए भेजा गया था।

रास्ते में ट्रक चालक राजेश ने फोन कर बताया कि मथुरा में पारिवारिक समस्या के कारण उसने ट्रक टीनू शर्मा को सौंप दिया है। इसके बाद टीनू से संपर्क नहीं हो पाया। ट्रक की लोकेशन सारंगपुर की कृषि उपज मंडी में मिलने पर रामवीर जाट ने चालक राजेश के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शुरूआत में टीनू शर्मा के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर उसे मथुरा के पास से हिरासत में लिया। पूछताछ में टीनू ने बताया कि सारंगपुर बायपास पर दो अज्ञात युवकों ने उसके साथ मारपीट कर ट्रक छीन लिया था। डर के कारण वह घर चला गया था।

टीनू के बयान के बाद पुलिस ने सारंगपुर से मक्सी मार्ग तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दो युवक मोटरसाइकिल से ट्रक ले जाते हुए दिखाई दिए। जांच के आधार पर पुलिस ने जितेंद्र राठौर, निवासी सुल्तानिया, थाना पचोर को पकडा। मामले में जितेंद्र ने पूछताछ में अपने साथी अभिषेक शर्मा, निवासी मूसाखेडी इंदौर के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।


# विजय-रश्मिका को सेलेब्स ने दी शादी की बधाई











उदयपुर में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा शादी के बंधन में बंध गए। शादी की तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस के साथ कई बॉलीवुड और साउथ सितारों ने दोनों को शुभकामनाएं दीं।

एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कपल की फोटो शेयर कर शुभकामनाएं दीं। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आप दोनों को बधाई। आने वाले साल खुशियों और प्यार से भरे हों।

साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश ने लिखा, आप दोनों को शादी की बधाई। जिंदगी भर प्यार और खुशियां मिलें। कृति सेनन ने भी तस्वीर पोस्ट कर लिखा कि फोटो में प्यार और खुशी साफ नजर आ रही है। उन्होंने दोनों के लिए खूबसूरत यादों और साथ भरी जिंदगी की कामना की। कृति ने रश्मिका के लिए लिखा कि उनकी मुस्कान और आंखों के आंसू ने उन्हें भावुक कर दिया। बता दें कि कृति और रश्मिका जल्द फिल्म कॉकटेल 2 में साथ नजर आएंगी। अनुपम खेर ने रश्मिका की पोस्ट में कमेंट करते हुए लिखा, बधाई हो! प्यार और प्रार्थना हमेशा। एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने रश्मिका और विजय की शादी पर खास पोस्ट शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शादी की तस्वीर लगाते हुए लिखा कि आज उन्होंने एक दयालु लड़की को अपने सबसे अच्छे दोस्त से शादी करते देखा।



## ना जाने कौन आ गया सादगी भरी प्रेम कहानी

### जतीन सरना, मधुरिमा रॉय और प्रणय पचौरी ने प्यार, आत्ममंथन और सादगी पर खुलकर की बात

6 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म ना जाने कौन आ गया एक सादगी भरी लव स्टोरी है, जो रिश्तों की जटिलताओं, आत्ममंथन और प्यार की मासूमियत को बड़े पर्दे पर पेश करती है। पहाड़ों की खूबसूरत वादियों में फिल्माई गई यह कहानी आज के दौर के टॉक्सिक माहौल में प्यार और संवेदनशीलता की बात करती है। फिल्म में जतीन सरना, मधुरिमा रॉय और प्रणय पचौरी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज से पहले ने स्टारकास्ट से खास बातचीत की। कलाकारों ने अपने किरदार, शूटिंग के अनुभव और फिल्म के संदेश को लेकर खुलकर बातें की हैं।

**स्क्रिप्ट पढ़ते ही ऐसा कौन-सा पहलू था जिसने आपको महसूस कराया कि यह फिल्म आपको जरूर करनी चाहिए?**

जतीन सरना- मेरे किरदार की सादगी ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया। वो एक आम इंसान है, जो जिंदगी को जीने के बजाय सिर्फ सर्वाइव करने में फंसा रहता है। ऐसे लोगों का दर्द, उनकी मासूमियत और जिंदगी को बस जी लेने की चाह यही मुझे छू गया। एक अभिनेता के तौर पर मुझे लगा कि यह एक नया और अनछुआ किरदार है। निर्देशक विकास ने जिस तरह कहानी सुनाई, उसी वक्त तय कर लिया कि यह फिल्म करनी है।

**ट्रेलर में हेट, लव और बिट्रेयल की झलक दिखती है। क्या आप इससे रियल लाइफ में रिलेट करते हैं?**

जतीन सरना- जहां प्यार होगा, वहां नफरत भी होगी, धोखा भी और अफसोस भी। लेकिन जिंदगी की खूबसूरती इन्हीं भावनाओं को समझकर आगे बढ़ने में है। यही जीवन का चक्र है।

# पवन सिंह पर भड़कीं अक्षरा, कहा-10 जगह मुंह मारता है

**क्या जिंदगी भर मेरे साथ चिपका रहेगा, खेसारी ने काजल के साथ गलत किया**



भोजपुरी स्टार पवन सिंह की एक्स गर्लफ्रेंड अक्षरा सिंह ने बिना उनका नाम लिए उनपर जोरदार हमला किया है। अक्षरा सिंह ने पवन सिंह के साथ पुराने रिश्तों पर कहा, इस बात को जमाना बीत चुका है। मुझे भी अपना जीवन बसाना है। एक ही जगह उलझ कर नहीं रह सकती।

एक पॉडकॉस्ट इंटरव्यू में अक्षरा ने कहा, वो दस जगह लड़कियों के साथ इधर-उधर घूम रहा है, उससे कोई सवाल नहीं पूछ रहा। उसका चरित्र सबके सामने है। मेरा एक अफेयर हो गया तो मैं गुनहगार हो गई।मुझे कोई चैन से जीने नहीं दे रहा। क्या सिर्फ इसलिए कि मैं लड़की हूं? क्या यह मेरा गुनाह है?

**पवन सिंह कौन है, मैं नहीं जानती-** पॉडकास्ट के दौरान जब अक्षरा सिंह से पूछा गया कि क्या अभी भी पवन सिंह के लिए उनके दिल में सॉफ्ट कॉर्नर है तो वे झिझकी नहीं, बल्कि उन्होंने दो टूक जवाब देकर ऐसा सोचने वालों की बोलती बंद कर दी। उन्होंने पूछा, वो हैं कौन? सवालों में उलझी अक्षरा ने कहा, 'अब लोग कहेंगे कि हर बार उसी का टॉपिक ले आती हैं। अरे मैं क्या करूं, मुझसे पूछा जाता है हर बार जैसे अभी आपने पूछा। कहीं और जाऊंगी तो फिर से यही सवाल किया जाएगा। हो गई बहुत पुरानी बात, एक टाइम पर एक पॉडकास्ट में मैंने सारी बातें कह दी थी। मैंने तभी ये कहा था कि मैं अब इस टॉपिक पर बार-बार बात नहीं करूंगी। वो मेरा अतीत था, इसे लेकर नहीं घूम सकती।'

**अंजलि राघव की जगह होती तो उठाकर फेंक देती-** करीब 6 महीने पहले पवन सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें पवन सिंह हरियाणवी एक्ट्रेस की स्टेज पर कमर छुते दिखे थे। इसे लेकर काफी कॉन्ट्रवर्सी भी हुई थी। बाद में हरियाणवी एक्ट्रेस ने भोजपुरी फिल्मों में काम करने से तौबा कर लिया। इसे लेकर जब अक्षरा सिंह से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, उस दिन उस एक्ट्रेस की गलती थी। अगर कोई आपको छूता है, तो आपको तुरंत रिएक्शन देना चाहिए।

**अक्षरा सिंह बोलीं- खेसारी ने काजल संग बदतमीजी की-** अक्षरा ने इस पॉडकास्ट में खेसारी को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, खेसारी ने काजल के लिए बहुत अभद्र तरीके से एक इंटरव्यू में बात की थी। बहुत गंदा बोला था, आपको जरा भी शर्म नहीं, आपके घर में भी बीवी है, बच्चे हैं। उनको कोई कुछ बोलकर चला जाएगा तो कैसा लगेगा। तो किसी भी और लड़की को कैसे कुछ भी बोलकर चले जाते हो। फिर आप पॉलिटिक्स में जाते हो, गलती हो जाती है तो सुधारना भी आना चाहिए। उन्होंने काजल को धोखा दिया था या नहीं ये मैं नहीं जानती। आप किसी लड़की के साथ रहे ना रहे, लेकिन आपको गंदी बातें बोलना पब्लिक प्लेटफॉर्म पर बिल्कुल गलत है।



### इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड ने 4 विकेट से हराया, पाकिस्तान की उम्मीदें जिंदा

# पाकिस्तान के लिए करो या मरो मुकाबला

## सुपर-8 में आज श्रीलंका- पाक मैच

ब्रह्मास्त्र ›› कैंडी

पाकिस्तान की टीम टी-20 वर्ल्ड कप में करो या मरो मैच खेलेगी। टीम का मुकाबला श्रीलंका से होगा। शनिवार को कैंडी के पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले इस मैच से तय होगा कि पाकिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचती है या फिर कीवियों को टॉप-4 में एंट्री मिलती है। मैच शाम 7 बजे से शुरू होगा, जबकि टॉस शाम 6.30 बजे होना है।

दरअसल, शुक्रवार रात को इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड ने 4 विकेट से हरा दिया। इससे पाकिस्तान की उम्मीदें जिंदा है। अब पाकिस्तान को श्रीलंका के खिलाफ कम से कम 64 रन की जीत हासिल करनी होगी या फिर 13.1 ओवर के भीतर टारगेट हासिल करना होगा।

**श्रीलंका के खिलाफ बहुत आगे है पाकिस्तान-** श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच अब तक 29 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए। 17 पाकिस्तान और महज 12 में श्रीलंका को जीत मिली। दोनों टीमें 2026 में दांबुला के मैदान पर आखिरी बार भिड़ी थीं, तब श्रीलंका 14 रन से मुकाबला जीत लिया था।



**पथुम निसांका श्रीलंका के टॉप बैटर-** पथुम निसांका ने टूनामेंट में श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 6 मैचों में 152.94 की स्ट्राइक रेट से 208 रन बनाए। एक पारी में उनका बेस्ट नाबाद 100 रन रहा। वहीं, गेंदबाजी में महीश तीक्षणा टीम के लिए टॉप विकेट टेकर रहे। उन्होंने 6 मैचों में 7.19 की इकोनॉमी से रन खर्च करते हुए 11 विकेट हासिल किए।

**उस्मान पाकिस्तान के टॉप विकेट टेकर-** पाकिस्तान के लिए साहिबजादा फरहान ने इस टूनामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 6 मैचों में 158.1 स्ट्राइक रेट से 283 रन बनाए। उनका बेस्ट स्कोर 100* रन रहा। वहीं, उस्मान तारिक पाकिस्तान के लिए टॉप विकेट टेकर रहे है. उन्होंने 5 मैचों में महज 6.32 की इकोनॉमी से 10 विकेट लिए।

**पिच एंड वेदर रिपोर्ट-** पल्लेकेले में अब तक 35 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं। इसमें पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने 16 और चेज करने वाली टीमों ने 15 मैच जीते हैं। वहीं,1 मैच का नतीजा नहीं निकल सका है। पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की पिच स्पिन गेंदबाजों के अनुकूल मानी जाती है। यहां नई गेंद से तेज गेंदबाजों को शुरूआती ओवरों में हल्का स्विंग जरूर मिलता है, लेकिन जैसे ही गेंद पुरानी होती है, मिडिल ओवर्स में स्पिनरों की भूमिका अहम हो जाती है। 28 फरवरी को कैंडी के कुछ हिस्सों में बादल और हल्की बारिश की संभावना बनी रह सकती है। यहां अधिकतम तापमान 27 से 30 डिग्री रहने का अनुमान है।

## भारत-वेस्टइंडीज मैच नॉकऑउट जैसा

टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की न्यूजीलैंड पर 4 विकेट की जीत से पाकिस्तान की सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम हैं। आज पाकिस्तानी टीम को श्रीलंका के खिलाफ अपना आखिरी सुपर-8 मैच खेलना है। उसे अंतिम-4 में जगह बनाने के लिए श्रीलंका को कम से कम 64 रन से हराना होगा या फिर 13.1 ओवर के अंदर टारगेट हासिल करना होगा। दूसरी ओर ग्रुप-1 में भारत और वेस्टइंडीज मैच क्वार्टर फाइनल जैसा हो गया है। 1 मार्च को कोलकाता में होने वाले इस मैच की विजेता टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी, जबकि हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी।

**भारत को एक जीत चाहिए-** साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 स्टेज में लगातार 2 मैच जीत लिए। टीम 4 पॉइंट्स के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई। जिम्बाब्वे दूसरी हार के बाद नॉकआउट की रेस से बाहर हो गई। अब जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के बीच 1 मार्च को मुकाबला होगा। साउथ अफ्रीका जीतकर ग्रुप-1 में टॉप पर फिनिश कर सकता है। वहीं जिम्बाब्वे जीतकर साउथ अफ्रीका को नंबर-2 पर खिसका सकता है। साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हरा दिया। इससे भारत और विंडीज के पास सुपर-8 में 1 जीत और 1 हार हो गई। अब दोनों टीमें 1 मार्च को कोलकाता में शाम 7 बजे से आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला नॉकआउट ही होगा। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, वहीं हारने वाली टीम का सफर खत्म हो जाएगा। ग्रुप-2 में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। टीम लगातार तीन जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है और पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है। अब उसका मुकाबला ग्रुप-1 में नंबर-2 पर रहने वाली टीम से होगा। इस नतीजे से पाकिस्तान को बड़ा फायदा मिला है। पाकिस्तान अगर श्रीलंका को 64 रन से हराता है या 13.1 ओवर के भीतर लक्ष्य हासिल कर लेता है तो उसका नेट रनरेट न्यूजीलैंड से बेहतर हो जाएगा और टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।

## बॉक्सिंग: मेवेदर और पैकियाओ के बीच ऐतिहासिक री-मैच सितंबर में




### सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फाइट के दोनों दिग्गज बॉक्सर एक बार फिर होंगे आमने-सामने

ब्रह्मास्त्र ›› जोहान्सबर्ग

मुक्केबाजी की दुनिया के दो सबसे बड़े दिग्गज फ्लॉयड मेवेदर जूनियर और मैनी पैकियाओ एक बार फिर प्रोफेशनल रिंग में आमने-सामने होंगे। इस ऐतिहासिक री-मैच की घोषणा कर दी गई है, जो 19 सितंबर को लास वेगास के अत्याधुनिक द स्फीयर में होगा। दोनों खिलाड़ी 11 साल बाद एक बार फिर आमने-सामने होंगे। इससे पहले 2 मई 2015 को हुई उनकी पहली भिड़ंत ने कमाई और व्यूअरशिप के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। उस फाइट से 410 मिलियन डॉलर (करीब 2680 करोड़ रुपए) का रेवेन्यू जनरेट हुआ था जबकि टिकट विंडो से 72.2 मिलियन डॉलर (करीब 470 करोड़) की कमाई हुई थी। वह मुकाबला मेवेदर ने अपने नाम किया था।

**मेवेदर का 50-0 का परफेक्ट रिकॉर्ड जबकि पैकियाओ ने पिछले साल की थी वापसी-** अमेरिका के मेवेदर ने हाल ही में रिंग में वापसी की पुष्टि की। 49 वर्षीय मेवेदर 2017 में कोनोर मैक्ग्रेगोर को हराने के बाद 50-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ रिटायर हुए थे। वहीं, फिलीपींस के 47 वर्षीय पैकियाओ ने भी 2025 में मारियो बैरियोस के खिलाफ ड्रॉ खेलकर रिंग में वापसी की है। उन्होंने करियर में 73 फाइट में से 62 जीती हैं।












आठवां वेतन आयोग

## 54000 न्यूनतम वेतन और पुरानी पेंशन बहाली पर ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक शुरू




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आठवें वेतन आयोग की ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक दिल्ली में शुरू हो गई है। 54,000 न्यूनतम वेतन, 3.25 फिटमेंट फैक्टर, 7% इंक्रीमेंट और पुरानी पेंशन बहाली की अहम मांगों पर पूरी रिपोर्ट पढ़ें।

केंद्र सरकार के एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनधारियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से आठवें वेतन आयोग की राह देख रहे कर्मचारियों की वेतन वृद्धि और अन्य मांगों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अब तेज हो गई है। नई दिल्ली में नेशनल काउंसिल जेसीएम की ड्राफ्ट कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो चुकी है, जिसका मुख्य उद्देश्य वेतन संरचना, भत्ते और पेंशन से जुड़े अहम मुद्दों पर एक साझा ज्ञापन (कॉमन मेमोरेंडम) तैयार करना है।

**तेज हुई वेतन आयोग की आधिकारिक कार्यवाही-** नई दिल्ली के जनपथ स्थित चंद्रलोक बिल्डिंग में आठवें वेतन आयोग को हाल ही में कार्यालय उपलब्ध करा दिया गया है, जिसे आयोग की औपचारिक कार्यवाही को गति मिलने का एक स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। इस वेतन आयोग की अध्यक्षता रंजना देसाई कर रही हैं। जेसीएम की ड्राफ्टिंग कमेटी करीब एक सप्ताह तक विभिन्न कर्मचारी संगठनों से सुझाव जुटाकर व्यापक विचार-विमर्श करेगी। इस कवायद का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी अहम मुद्दा छूट न जाए और करीब 1.2 करोड़ कर्मचारियों व पेंशनधारियों की ओर से आयोग के समक्ष एक मजबूत तथा संगठित प्रस्ताव रखा जा सके।

कृषि मंत्री की दो टूकः किसानों का पैसा रोकने पर लगेगा 12% ब्याज

# 2 लाख करोड़ की खाद सब्सिडी सीधे खाते में



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूसा कृषि मेले में बड़े सुधारों का ऐलान किया। उन्होंने किसानों का पैसा रोकने पर 12% ब्याज, दो लाख करोड़ की खाद सब्सिडी डीबीटी और एमएसपी खरीद एक महीने में करने का प्रस्ताव भी दिया।

केंद्र सरकार की ओर से कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए कड़े और पारदर्शी सुधारों की बात कही गई है। नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों के आर्थिक हितों से जुड़ा कोई भी समझौता या लेटलतीफी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**भुगतान में देरी पर जुर्माना और डीबीटी पर जोर-** किसानों के बकाये को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कृषि मंत्री ने चेतावनी दी कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज चुकाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय देरी को खत्म करने के लिए अपना हिस्सा सीधे किसानों के खातों में भेजने के विकल्प पर काम कर रही है। इसके अलावा, एक बड़े नीतिगत बदलाव का संकेत देते हुए उन्होंने सालाना 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खाद (उर्वरक) सब्सिडी को सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजने पर विचार करने की बात कही, ताकि वास्तविक अन्नदाता को इसका सीधा फायदा मिल सके।

**एमएसपी खरीद और सस्ता ऋण -** किसानों को फसल का तुरंत दाम दिलाने के उद्देश्य से श्री चौहान ने सुझाव दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की प्रक्रिया मौजूदा तीन महीने के बजाय अधिकतम एक महीने के भीतर पूरी होनी चाहिए। वहीं, लगभग 75 प्रतिशत छोटे किसानों को मिलने वाले 4 प्रतिशत ब्याज दर वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋणों के वितरण में 'जीरो देरी' सुनिश्चित करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाएगी।

इन नई नीतियों और तकनीकों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए सरकार खरीफ सीजन से पहले, अप्रैल माह से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' शुरू करेगी। इस अभियान के तहत वैज्ञानिक सीधे 'लैब से खेत तक' जाकर किसानों को आधुनिक कृषि और नई शोध उपलब्धियों के प्रति जागरूक करेंगे।

### लाइसेंसिंग में पारदर्शिता लाने की दिशा में काम कर रही सरकार

कृषि इनपुट की गुणवत्ता सुधारने के लिए पेस्टिसाइड लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल, समयबद्ध और पारदर्शी बनाया जाएगा, जिससे ईमानदार कंपनियों को सहूलियत मिले और नकली उत्पादों पर सख्त रोक लग सके। इसके साथ ही, अनुसंधान और विस्तार के बीच सेतु का काम करने वाले कृषि विज्ञान केंद्रों को जिले के 'कृषि रिफॉर्म कमांड सेंटर' के रूप में सशक्त किया जाएगा। इस आयोजन में कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



तीसरी तिमाही में

## जीडीपी ग्रोथ 8.3% रहने का अनुमान




### महंगाई में कमी और मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था मजबूत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूनियन बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर करीब 8.3% रहने का अनुमान है। जीएसटी कटौती और मजबूत मांग से ग्रोथ को सहारा मिला, जबकि घटती महंगाई के कारण नाममात्र जीडीपी में थोड़ी नरमी देखी जा सकती है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर मजबूत रहने की संभावना है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतिकूल बेस इफेक्ट के बावजूद देश की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर लगभग 8.3 प्रतिशत रह सकती है।

**किन कारकों ने जीडीपी को सहारा दिया-** रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी दर में कटौती के बाद मांग और आर्थिक गतिविधियों में आई तेजी ने ग्रोथ को सहारा दिया है। अनुमान के अनुसार, तीसरी तिमाही का जीडीपी ग्रोथ 8.3 प्रतिशत रह सकता है, जो पिछले साल की समान तिमाही के 6.4 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक है। सकल मूल्य वर्धन वृद्धि दर में भी सुधार के संकेत हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, तीसरी तिमाही में जीवीए ग्रोथ बढ़कर करीब 8.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले साल के 6.5 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि यह दूसरी तिमाही के 8.1 प्रतिशत के मुकाबले मामूली रूप से कम रह सकती है। नाममात्र जीडीपी वृद्धि दर को लेकर क्या है संकेत? रिपोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि नाममात्र जीडीपी वृद्धि दर में कुछ नरमी आ सकती है। दूसरी तिमाही में 8.7 प्रतिशत रहने के बाद तीसरी तिमाही में यह घटकर लगभग 8.5 प्रतिशत रहने की संभावना है, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 10.3 प्रतिशत थी।

देश की बिजली व्यवस्था में बड़ा बदलाव

# 21 राज्यों की अलग रफ्तार ने तय की नई ऊर्जा दिशा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत की बिजली कहानी अब एक समान रेखा में आगे बढ़ने वाली कथा नहीं रह गई है। देश के अलग-अलग राज्यों में ऊर्जा संक्रमण की रफ्तार भिन्न है और यही विविधता अब भारत की नई बिजली पहचान बनती जा रही है। ऊर्जा क्षेत्र पर जारी नई संयुक्त रिपोर्ट ने इस बदलाव को आंकड़ों और विश्लेषण के साथ सामने रखा है। इस रिपोर्ट में 21 राज्यों का आकलन किया गया है, जो देश की लगभग 95 प्रतिशत बिजली मांग का प्रतिनिधित्व करते हैं। निष्कर्ष साफ है कि संक्रमण जारी है, लेकिन हर राज्य की गति और प्राथमिकताएं अलग हैं।

रिपोर्ट तीन प्रमुख पैमानों पर राज्यों का मूल्यांकन करती है। पहला है डीकार्बनाइजेशन, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा और उत्सर्जन तीव्रता को परखा गया। दूसरा है पावर इकोसिस्टम की तैयारी और प्रदर्शन, जिसमें डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति, बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता और रूफटॉप सोलर विस्तार जैसे पहलू शामिल हैं। तीसरा पैमाना है मार्केट एनएबलर्स, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन, ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन टैरिफ और ऊर्जा भंडारण जैसे उभरते तत्वों का विश्लेषण किया गया है।

डीकार्बनाइजेशन के मामले में कर्नाटक शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा उल्लेखनीय रूप से अधिक है और उत्सर्जन तीव्रता अपेक्षाकृत कम दर्ज की गई है। हिमाचल प्रदेश और केरल ने भी इस क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन किया है। इन राज्यों ने स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता बढ़ाने के साथ ऊर्जा मिश्रण को संतुलित करने की दिशा में कदम उठाए हैं। तमिलनाडु, महाराष्ट्र और राजस्थान ने ऊर्जा दक्षता कार्यक्रमों और नीति हस्तक्षेपों के माध्यम से सुधार दर्ज किया है, जिससे उत्सर्जन तीव्रता में कमी आई है।

पावर इकोसिस्टम की तैयारी के मोर्चे पर दिल्ली और हरियाणा आगे हैं। इन राज्यों में रूफटॉप सोलर परियोजनाओं का व्यापक विस्तार हुआ है और बिजली आपूर्ति अपेक्षाकृत अधिक विश्वसनीय मानी गई है। डिस्कॉम के प्रदर्शन में भी सुधार देखा गया है। छत्तीसगढ़ ने वित्त वर्ष 2025 में केवल 0.07 प्रतिशत की बिजली कमी दर्ज की, जो देश में सबसे कम आंकड़ों में से एक है। यह संकेत देता है कि आपूर्ति प्रबंधन और ग्रिड स्थिरता के क्षेत्र में सुधार हो रहा है।

- बिहार ने इस आयाम में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। मार्च 2025 तक स्वीकृत स्मार्ट मीटरों में से 78 प्रतिशत की स्थापना पूरी की जा चुकी है। असम ने भी 46 प्रतिशत स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन पूरा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डिस्कॉम सुधार और डिजिटाइजेशन ऊर्जा संक्रमण की आधारशिला हैं, क्योंकि इनके बिना वित्तीय स्थिरता और पारदर्शिता संभव नहीं है। स्मार्ट मीटरिंग से न केवल बिलिंग दक्षता बढ़ती है, बल्कि मांग प्रबंधन और ग्रिड संतुलन में भी मदद मिलती है।
- मार्केट एनएबलर्स के क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान मजबूत प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरे हैं। इन राज्यों ने ग्रीन टैरिफ को अपनाया है और सोलर उत्पादन घंटों के अनुरूप टाइम ऑफ डे टैरिफ लागू किए हैं। उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की तैनाती में तेजी दर्ज की गई है। दिल्ली ने वित्त वर्ष 2025 में 11.6 प्रतिशत ईवी अपनाने की दर हासिल की, जो देश में सबसे अधिक है।

जीएसटी मामले में फिनो बैंक के एमडी गिरफ्तार

# निजी अस्पतालों का राजस्व 15% तक बढ़ने का अनुमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

फिनो पेमेंट बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ ऋषि गुप्ता को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जीएसटी खुफिया महानिदेशालय ने सीजीएसटी एवं एसजीएसटी एक्ट के प्रावधानों के तहत गुप्ता की गिरफ्तारी की है। बैंक ने बाजार नियामक सेबी को बताया कि मामला बैंक के कारोबारी साझेदार से जुड़ा है, सीधे तौर पर बैंक के दायित्वों से जुड़ा नहीं है। मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) केतन मर्चेंट फिलहाल बैंक का कामकाज संभालेंगे।

**15% तक बढ़ेगा निजी अस्पतालों का राजस्व-** निजी अस्पतालों का राजस्व अगले वित्त वर्ष में 14-15 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा, अच्छी ऑक्यूपेंसी, लगातार बढ़ते बेड और नई सुविधा में तेज वृद्धि से राजस्व को समर्थन मिलेगा। यह लगातार पांचवां साल होगा, जब निजी अस्पतालों के राजस्व में दहाई अंकों में वृद्धि देखने को मिलेगी। 2024-25 में राजस्व 78,500 करोड़ था।

**कर्नाटक सरकार को सौंपी गई पंचम राज्य वित्त आयोग की रिपोर्ट-** कर्नाटक के पंचम राज्य वित्त आयोग ने 2026-2030 की अवधि के लिए ग्रेटर बंगलूरू प्राधिकरण क्षेत्र की सिटी कॉर्पोरेशनों से संबंधित अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी है। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, गुरुवार को यह रिपोर्ट राज्यपाल थावरचंद गहलोत और मुख्यमंत्री सिद्दारमय्या को प्रस्तुत की गई। शुक्रवार को इसे उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को भी सौंपा गया।

रिपोर्ट सौंपने का नेतृत्व वित्त आयोग के अध्यक्ष सी. नारायणस्वामी ने किया, जिनके साथ सदस्य मोहम्मद सनाउल्ला, आर.एस. फोंडे और सचिव वसीरेड्डी विजय ज्योत्स्ना भी मौजूद थे। रिपोर्ट में शहरों के वित्तीय प्रबंधन, आय और व्यय के सुधार, और स्थानीय प्रशासन को सशक्त बनाने के सुझाव शामिल हैं। यह कदम कर्नाटक में नगरीय प्रशासन और विकास को और प्रभावी बनाने की दिशा में माना जा रहा है।

# ओवैसी बोले- मोदी की विचारधारा में इजराइल के लिए प्यार

## हमने हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ बोला, आपको इजराइली आतंकवाद पर बोलना चाहिए था

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ विजयवाड़ा**

हैदराबाद में शुक्रवार को एक कार्यक्रम में ओवैसी ने कहा कि मोदी को अपने भाषण में इजराइली आतंकवाद के बारे में भी बोलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि अक्टक्ट ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ हमेशा बोला है। दरअसल, मोदी 25 फरवरी को अपने 2 दिन के दौर पर इजराइल पहुंचे थे। पीएम मोदी ने इजराइली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान ह्यस्पीकर ऑफ द नेसेट मेडलह्ल दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। ओवैसी की ये टिप्पणी इसी दौरे को लेकर आई। गाजा में 73,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 36,000 छोटे बच्चे और करीब 15,000 महिलाएं थीं। क्या गाजा में मारे गए सभी लोग हमास के सदस्य थे? हजारों इमारतें गिरा दी गईं और इतना मलबा है कि उसे साफ करने में 10 साल लग सकते हैं। गाजा में जो हो रहा है, क्या उसे आतंकवाद नहीं कहा जाना चाहिए? शेख हसीना को वापस भेजने से बांग्लादेश के साथ मुद्दे सुलझाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी का इजरायल के प्रति झुकाव विचारधारा से जुड़ा है। 1975 में मुंबई में इजरायली कॉन्सुलेट जनसंघ नेताओं से मिला था। नाथूराम गोडसे के भाई गोपाल गोडसे ने 1973 में इजरायली कॉन्सुलेट से मुलाकात कर मुसलमानों के खिलाफ सामग्री प्रकाशित करने के लिए समर्थन मांगा था। ग्लोबल साउथ के देश मोदी के इजरायल के साथ रिश्तों को लेकर चिंतित हैं। अगर मोदी युद्ध का विरोध करते हैं, तो उन्हें अमेरिका द्वारा ईरान पर संभावित हमले की अटकलों के खिलाफ भी बोलना चाहिए था।

# कोलकाता सहित बंगाल के कई जिलों में भूकंप, 5.5 तीव्रता:तेज झटके महसूस हुए, इमारतें हिलीं,

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता**

कोलकाता और पश्चिम बंगाल के आसपास के जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.22 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। कोलकाता में लगभग 10 सेकंड तक झटके महसूस हुए, जिससे लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।

भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के सतखीरा जिले में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इसकी तीव्रता 5.5 दर्ज की गई। सतखीरा कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर और नॉर्थ 24 परगना जिले से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

कोलकाता में भूकंप के बाद करीब एक घंटे तक सड़कों और खुले जगहों पर अफरातफरी की स्थिति रही। सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिसमें भूकंप के दौरान घरों में रखे सामान और पंखे हिलते दिखाई दिए। टेबल पर बोतल में रखा पानी भी हिल रहा था।

कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में भी लोग दहशत में रहे। अब तक जानमाल के नुकसान या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। हालांकि कोलकाता में कुछ ऑफिस के कर्मचारियों ने दावा किया कि झटकों के कारण दीवारों में दरारें आ गईं। बेहाला इलाके में सड़क के एक बड़े हिस्से में दरारें और धंसने की घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह नुकसान भूकंप के झटकों की वजह से हुआ। दोपहर के बाद तत्काल कोई आफ्टरशॉक महसूस नहीं किया गया।

# 'अखिलेश मुसलमान और राहुल हिन्दुओं को ईसाई बनाना चाह रहे'- प्रमोद कृष्णम

## बोले- पहले पार्टी के लिए थे समस्या, अब राष्ट्र की समस्या हैं नेता प्रतिपक्ष

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ऊधम सिंह नगर**




कल्कि धाम पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर हमला किया। ऊधम सिंह नगर में कांग्रेस से निकाले गए कल्कि धाम पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा- अखिलेश यादव यादवों को मुसलमान बनाना चाहते हैं और राहुल गांधी हिन्दुओं को ईसाई बनाना चाहते हैं।

आचार्य कृष्णम ने दोनों नेताओं पर धर्म परिवर्तन को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह दोनों नेता सत्ता हासिल करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। कृष्णम ने यह भी कहा कि जातियां हमारी विशेषताएं हैं, लेकिन हिंदू होना सौभाग्य की बात है। आचार्य कृष्णम के इन बयानों से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। उनके समर्थकों ने उनके बयानों का समर्थन किया है, जबकि विरोधियों ने उनकी आलोचना की है। उन्होंने यह बयान काशीपुर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में दिया। सम्मेलन में हजारों सनातनियों ने भाग लिया।

कृष्णम ने कहा कि जातियां हमारी विशेषताएं हैं। किसी भी जाति में जन्म लेना भाग्य का विषय हो सकता है, लेकिन हिंदू होना सौभाग्य की बात है। राहुल गांधी के जनेऊ मामले पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पहले कांग्रेस के लिए समस्या थे, लेकिन अब वे राष्ट्र की समस्या बन गए हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सनातन संस्कृति को सदियों पुरानी बताया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति सनातनी है। भारत में पैदा होने वाला प्रत्येक व्यक्ति सनातनी है उसका संबंध कहीं न कहीं सनातन से है। सनातन के अलग-अलग पंथ हैं। सनातन के दो धाराएं निर्गुण और सगुण एक शाखा हैं, जो निर्गुण को मानती है कि परमात्मा कभी जन्म नहीं लेता। दूसरी है जो मानती है परमात्मा जन्म लेता है, सनातन की जो सगुण शाखा है उसी परंपरा में भगवान राम ने अवतार लिया।

### भगवान श्रीकृष्ण का होगा कल्कि अवतार

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का श्री कल्कि का अवतार होगा। हमारे गुरुओं ने तपस्याएं की हैं। इस सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए बलिदान दिए हैं, लेकिन इस समय सनातन के ऊपर बहुत बड़ा खतरा है। लोग सनातन को तोड़ना चाहते हैं। सनातन को इसलिए तोड़ना चाहते हैं, उन्हें मालूम है कि अगर भारत को तोड़ना है तो पहले सनातन को तोड़ना पड़ेगा। क्योंकि भारत की शक्ति ही सनातन है, इसलिए तमाम सनातन धर्म को मानने वाले जितने भी लोग हैं उन सभी को यह बात सोचनी है। इस सिलसिले में और उसी क्रम में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन हो रहा है। हिंदू राष्ट्र को लेकर उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। भारत खुद हिंदू राष्ट्र है, जिसे हम हिंदुस्तान कहते हैं। वह असल में हिंदू स्थान है, हिंदुओं का स्थान और जो भारत में रह रहा है, भारत में जन्म लिया है, जो हिंदुस्तान में पैदा हुआ, वह हिंदू है। इसके अलग मत हैं बहुत संप्रदाय हैं, समाज हैं, पंथ हैं, कोई दादू पंथी है, कोई नानक पंथी है, कोई कबीर पंथी है, कोई आर्य समाजी है, लेकिन है सब हिन्दू और जो लोग हिंदुओं को बांटकर सत्ता पाना चाहते हैं, उनसे सचेत रहने की आवश्यकता है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के साणंद में सेमीकंडक्टर प्लांट का करेंगे उद्घाटन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ साणंद (गुजरात)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात दौरे पर रहेंगे। वे दोपहर 3.45 बजे अहमदाबाद के पास साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी (Micron Technology) की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (ATMP) फैसिलिटी का उद्घाटन करेंगे। इस प्लांट में पहली बार मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल्स का कमर्शियल प्रोडक्शन और शिपमेंट शुरू होगा। यह केंद्र सरकार के मेक इन इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन का पहला प्रोजेक्ट है। यह प्लांट 22,516 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री यहां मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे।

एटीएमपी टेक्नोलॉजी पर आधारित है प्लांट यह प्लांट एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) टेक्नोलॉजी पर आधारित है। प्लांट में सेमीकंडक्टर चिप्स को जोड़ा जाएगा, उनकी जांच की



जाएगी, उन पर जरूरी मार्किंग और फिर पैकेजिंग की जाएगी। इससे देश में सेमीकंडक्टर निर्माण को मजबूती मिलेगी और देश टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। अब तक भारत माइक्रो चिप्स के मामले में आयात पर निर्भर रहा है। ऐसे में यह प्लांट देश में तकनीकी विकास, निवेश और रोजगार के नए रास्ते खोलेगा। साथ ही, यह ह्यमेक इन इंडियाह्ल और डिजिटल भारत जैसे अभियानों को भी गति देगा। यह प्लांट एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) टेक्नोलॉजी पर आधारित है।

# राजस्थान-मध्य प्रदेश में तापमान 33° के पार: हरियाणा में आज बूंदाबांदी संभव;

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

हिमाचल प्रदेश के रोहतांग में शुक्रवार शाम बर्फबारी हुई। इससे अटल टनल के नॉर्थ गेट पर ट्रैफिक जाम हो गया। राजस्थान और मध्य प्रदेश में फरवरी के महीने में अप्रैल जैसी धूप निकल रही है। दोनों राज्यों के कई शहरों में गुरुवार को तापमान 33त्ड के पार दर्ज हुआ। राजस्थान के बाड़मेर में सबसे ज्यादा तापमान 36.5त्ड दर्ज हुआ। इधर मध्य प्रदेश के खंडवा और खरगोन में तापमान 35.2त्ड रिकॉर्ड हुआ। हरियाणा में गर्मी लगातार बढ़ रही है। प्रदेश का अधिकतम तापमान 31त्ड के पार पहुंच गया है। हालांकि मौसम विभाग ने आज से राज्य के कई हिस्सों में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी की संभावना जताई है। वहीं पहाड़ों पर भी मौसम बदल गया है। शुक्रवार शाम हिमाचल प्रदेश के कुल्लू स्थित मनाली में ऊंचे इलाकों पर अचानक बर्फबारी हुई। रोहतांग स्थित अटल टनल पर बर्फबारी के कारण कुछ देर के लिए जाम की स्थिति रही। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के पांच जिलों में अगले कुछ दिनों में बारिश और ऊंचाई पर बर्फबारी की संभावना जताई गई है। पंजाब और चंडीगढ़ में धुंध और तेज हवा के बीच कुछ इलाकों में यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। सड़क यात्रा करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## दिल्ली शराब नीति केस; केजरीवाल बोले- मोदी-शाह ने साजिश रची:

# अदालत के फैसले से दिल का बोझ उतरा; हम कट्टर ईमानदार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े उइक केस में बरी होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पूर्व उट ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने हमारे खिलाफ षड्यंत्र रचा। वे अअढ को हरा नहीं पाए तो खत्म करने जुट गए।

केजरीवाल ने कहा- आज मेरे दिल से बड़ा बोझ उतर गया है। मोदी-शाह ने हमारे खिलाफ इतने केस बनाए। हमारे पीछे ED, CBI, पुलिस छोड़ी। एक समय अअढ के टॉप 5 नेता जेलमें थे, लेकिन आप कुछ नहीं



बिगाड़ सके। अब तो केवल कत्ल कराकर ही केजरीवाल को कंट्रोल कर सकते हैं। पूर्व उट ने कहा- भाजपा ने पिछले 4 साल शराब घोटाला शब्द का खूब इस्तेमाल किया। आज के समय में जब सारी संस्थाओं, अथॉरिटीज को धमकाया का जा रहा है तब कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया है। इतना बड़ा न्याय करने के लिए जज साहब ने वाकई बहुत हिम्मत दिखाई है। ज्यूडिशियरी और जज का बहुत धन्यवाद।

### केजरीवाल-सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपी बरी

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े उइक केस में शुक्रवार सुबह केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने CBI को भी कड़ी फटकार लगाई।

कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी की चार्जशीट में कई ऐसी खामियां हैं जिनका किसी गवाह या बयान से कोई लेना-देना नहीं है। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने कहा कि केजरीवाल को बिना किसी ठोस सबूत के फंसाया गया है।

कोर्ट ने सिसोदिया और अन्य आरोपियों को आरोपमुक्त करते हुए कहा कि उइक आरोप साबित करने में विफल रही है। हजारों पन्नों की चार्जशीट में ऐसी चीजें हैं जो किसी भी गवाह के बयान का समर्थन नहीं करती। जज ने कहा कि चार्जशीट में भ्रामक बयान हैं। फैसला आने के बाद केजरीवाल कोर्ट के बाहर मीडिया से बात करते हुए रोने लगे। मनीष सिसोदिया ने उन्हें ढाढस बंधाया।

देश में भीड़तंत्र चल रहा

# आरोप- बांग्लादेश सरकार ने डिफाल्टर को सेंट्रल बैंक गवर्नर बनायाः विपक्ष बोला- ये बर्दाश्त नहीं कर सकते



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्रिसबेन

बांग्लादेश में सेंट्रल बैंक के नए गवर्नर की नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष का आरोप है कि तारिक रहमान की सरकार ने एक डिफाल्टर को कारोबारी को सेंट्रल बैंक गवर्नर बना दिया है, जो देश में भीड़तंत्र की शुरूआत जैसा है।

बांग्लादेश बैंक के नए गवर्नर के रूप में मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति के बाद राजनीतिक घमासान तेज हो गया। जमात ए इस्लामी के प्रमुख और विपक्ष के नेता शफीकुर रहमान ने कहा कि यह फैसला पीएम की शह पर लिया गया है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले सरकार ने अहसान हबीब मंसूर का कार्यकाल अचानक खत्म कर दिया था, जिन्हें मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने नियुक्त किया था। मंसूर ने कहा कि उन्होंने न इस्तीफा दिया और न ही उन्हें हटाए जाने की कोई आधिकारिक सूचना मिली। उन्हें यह खबर मीडिया के जरिए पता चली।

## गारमेंट कारोबारी रहे हैं मोस्ताकुर रहमान

मोस्ताकुर रहमान की नियुक्ति इसलिए अलग मानी जा रही है क्योंकि अब तक बांग्लादेश में केंद्रीय बैंक का गवर्नर आमतौर पर अनुभवी बैंकर, अर्थशास्त्री या वरिष्ठ सिविल सेवक होते रहे हैं।

मोस्ताकुर एक कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट और गारमेंट कारोबारी हैं। वे हेरा स्वेटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं और हालिया चुनाव में तारिक रहमान की इठढ पार्टी की केंद्रीय चुनाव संचालन समिति से भी जुड़े रहे थे।

उनकी नियुक्ति को लेकर कर्ज चुकाने से जुड़े पुराने मामलों पर भी सवाल उठ रहे हैं। बीडी न्यूज24 की रिपोर्ट में कहा गया कि उनकी कंपनी 86 करोड़ टका का कर्ज समय पर नहीं चुका पाई थी।

एक बैंक अधिकारी ने कहा कि जो इंसान अपनी ही कंपनी के लिए स्पेशल कंडीशन पर कर्ज का पुनर्गठन कराता है, वह देश के बैंकिंग सिस्टम के हितों की रक्षा कैसे करेगा।

यूनिवर्सिटी ऑफ ढाका के पूर्व प्रोफेसर दीन इस्लाम ने भी कहा कि किसी एक्टिव कारोबारी को केंद्रीय बैंक का गवर्नर बनाना गलत संदेश देता है और इससे हितों के टकराव की आशंका बढ़ती है।

## विपक्ष ने मोस्तकुर को गवर्नर बनाने पर विरोध जताया

मोस्ताकुर की नियुक्ति के बाद विपक्षी नेता शफीकुर रहमान ने फेसबुक पर लिखा कि बांग्लादेश बैंक में जो हो रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण और पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि किसी को भी गवर्नर और उनके सलाहकारों जैसे सम्मानित लोगों को इस तरह अपमानित करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब देश की अर्थव्यवस्था पहले से कई समस्याओं से जूझ रही है, तब बांग्लादेश बैंक जैसी महत्वपूर्ण संस्था में इस तरह की कार्रवाई बची हुई अर्थव्यवस्था को भी बर्बाद कर देगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और समाज के सभी वर्गों से विरोध करने की अपील की और कहा कि अगर सरकार सच में लोकतांत्रिक और भेदभाव-रहित बांग्लादेश बनाना चाहती है तो ऐसी गतिविधियां तुरंत बंद होनी चाहिए। जरूरी पदों पर नियुक्तियां योग्यता के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक निष्ठा के आधार पर।

## अहसान हबीब को गवर्नर पद से हटाने का विरोध

विवाद की दूसरी बड़ी वजह उनकी नियुक्ति की परिस्थितियां हैं। अहसान हबीब मंसूर 2024 में चार साल के लिए गवर्नर बनाया गया था और उनका कार्यकाल अगस्त 2028 तक था, लेकिन 18 महीने से भी कम समय में ही उनका कार्यकाल खत्म कर दिया गया।

मंसूर को हटाए जाने से पहले कुछ अधिकारियों ने उनके खिलाफ तानाशाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। हालांकि, मंसूर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन आरोपों को साजिश बताया था।

अहसान हबीब मंसूर की बर्खास्तगी से देश में कई लोग हैरान हैं। उन्हें 27 साल का अनुभव है। वे क्टत्र जैसी संस्थाओं में काम कर चुके हैं। 2024 में शेख हसीना और उनकी अवामी लीग सरकार के हटने के बाद जब देश में आर्थिक अस्थिरता थी, तब उन्हें जिम्मेदारी दी गई थी। जब उन्होंने पद संभाला था तब फॉरेन करेंसी रिजर्व 26 अरब डॉलर था। उनके पद छोड़ने तक यह बढ़कर 35 अरब डॉलर हो गया।

## वेनेजुएला ने 19 तेल और गैस समझौतों को निलंबित किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वेनेजुएला

वेनेजुएला के तेल मंत्रालय ने निजी कंपनियों के साथ किए गए 19 तेल और गैस प्रोडक्शन-शेयरिंग समझौतों को निलंबित कर दिया है। ये समझौते पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के कार्यकाल में हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन अनुबंधों की वैधता और कंपनियों के बैकग्राउंड की समीक्षा की जा रही है। हालांकि, इन समझौतों को सस्पेंड करने से देश के तेल और गैस उत्पादन पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ा है। सरकार के कंट्रोल वाली कंपनी ढक्षरअ संबंधित परियोजनाओं से निकले कच्चे तेल की बिक्री जारी रखे हुए है। रिपोर्ट के मुताबिक, वेनेजुएला और अमेरिका इन एग्रीमेंट्स की शर्तों की समीक्षा कर रहे हैं। कुछ मामलों में उन्हें रद्द करने की सिफारिश की जा सकती है। हाल ही में हाइड्रोकार्बन कानून में संशोधन के बाद सरकार को मौजूदा एग्रीमेंट्स की समीक्षा के लिए छह महीने का समय मिला है।

# पाक बोला- 274 अफगान लड़ाके मारे, 400 से ज्यादा घायल

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान में जंग के हालातः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालात जंग जैसे हो गए हैं। पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की है। वहीं तालिबान ने दावा किया है कि उसने इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया।

संघर्ष की शुरूआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमले के जवाब में कार्रवाई की। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है।

इसके जवाब में पाकिस्तान ने गजब लिल हक नाम का ऑपरेशन शुरू किया और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में 274 अफगान लड़ाके मारे गए, जबकि 400 से ज्यादा घायल हैं। दोनों तरफ से करीब 300 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता अहमद चौधरी का कहना है कि तालिबान हमलों के पीछे भारत का हाथ है।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान ने जो कदम उठाए हैं, वह अपने बचाव के अधिकार और अपने नागरिकों व क्षेत्र की सुरक्षा के लिए उठाए हैं।

## दावा- तालिबानी लड़ाकों ने पाकिस्तानी जेट गिराया

अफगान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तालिबानी लड़ाकों ने एक पाकिस्तानी जेट भी मार गिराया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उसके पास हैं। पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वॉर्टर और 19 चौकियों पर भी कब्जा कर लिया गया है। रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हमारे सब्र की सीमा पार हो चुकी है, अब हमारे और आपके बीच खुला युद्ध छिड़ गया है। पाकिस्तानी सूचना मंत्री ने यह वीडियो पर पोस्ट किया है। वीडियो में पाकिस्तानी एयरफोर्स की अफगानिस्तान के काबुल, कंधार और पक्तिका प्रांत में स्ट्राइक के फुटेज हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि अगर अफगान तालिबान या कोई भी आतंकी संगठन आगे कोई उकसाने वाली कार्रवाई करता है, तो उसका कड़ा और सख्त जवाब दिया जाएगा।

## किम जोंग-उन की साउथ कोरिया को चेतावनी, बोले- खतरा हुआ तो पूरी तरह तबाह कर देंगे

नॉर्थ कोरिया के शासक किम जोंग-उन ने साउथ कोरिया को कड़ी चेतावनी दी है। किम ने कहा है कि उनके देश की सुरक्षा को खतरा हुआ तो वे साउथ कोरिया को ह्यपूरी तरह नष्टह्न कर सकते हैं। प्योंगयांग में सात दिन चली वर्कर्स पार्टी कांग्रेस के समापन पर किम ने अगले पांच वर्षों के लिए परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेज करने का खाका पेश किया। उन्होंने पानी के भीतर से दागे जा सकने वाले इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल, सामरिक परमाणु हथियारों के विस्तार, परमाणु-संचालित पनडुब्बी, एआई-युक्त ड्रोन और उन्नत उपग्रह विकसित करने की बात कही। किम ने साउथ कोरिया को ह्यस्थायी दुश्मनह्न बताते हुए कहा कि उससे बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है। वहीं, उन्होंने कहा कि अमेरिका यदि प्रतिबंध और दबाव की नीति छोड़े तो संवाद संभव है। कांग्रेस के बाद राजधानी में भव्य सैन्य परेड आयोजित की गई, जिसमें किम अपनी बेटी के साथ नजर आए। हालांकि परेड में अमेरिका तक मार करने में सक्षम बड़े क्व्हट प्रदर्शित नहीं किए गए एक्सपर्ट्स का मानना है कि किम एक ओर अपने परमाणु कार्यक्रम को मजबूती दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अमेरिका के साथ भविष्य की संभावित बातचीत के लिए विकल्प भी खुले रख रहे हैं।

## ग्रूमिंग गैंग के निशाने पर कनाडा गई पंजाबी लड़कियांःवॉट्सऐप ग्रुप से टारगेट, लालच देकर संबंध बनात

कनाडा में पंजाबी लड़कियां ग्रूमिंग गैंग के टारगेट पर हैं। यह गैंग स्टडी वीजा पर आईं युवतियों के साथ कई तरह के लालच देकर उन्हें फंसाता है। फिर उन्हें साथ सोने के लिए मजबूर करता है। इसके लिए युवकों ने बाकायदा वॉट्सऐप ग्रुप तक बनाए हुए हैं। ऐसा ही एक युवक इस ग्रुप से बाहर निकला तो उसने इसकी पूरी कहानी बता दी। कनाडा में द कौर मूवमेंट की फाउंडर गुरप्रीत कौर ने कनाडा के एक रेडियो चैनल पर इसका खुलासा किया। गुरप्रीत ने कहा कि इसमें सिर्फ युवक ही नहीं बल्कि घर के मालिक यानी लैंडलॉर्ड, रेस्टोरेंट ऑनर या मैनेजर के अलावा कंपनी के लोग तक शामिल हैं। यहां तक कि उनका बिल भरने का लालच भी दिया जाता है। कोई नहीं मानती तो उसे घर या देश से निकालने का भी डर दिखाया जाता है।

## लड़कियों को कैसे टारगेट करते ग्रूमिंग गैंग

द कौर मूवमेंट की संस्थापक गुरप्रीत कौर बताती हैं कि सरे और टोरंटो जैसे शहरों में व्हाट्सएप पर ऐसे ग्रुप चल रहे हैं, जिनमें लगभग 150 लड़के शामिल हैं। इन ग्रुप्स का एजेंडा उन पंजाबी लड़कियों को निशाना बनाना है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं या विदेश में अकेली रह रही हैं। ये लड़के अक्सर कॉलेजों में दोस्त बनकर लड़कियों के करीब आते हैं और उनकी पर्सनल जानकारी जुटाते हैं। इसके बाद वे उस जानकारी को अपने ग्रुप में शेयर करते हैं। उनके लिए लड़कियों का शोषण गेम बन गया है। गुरप्रीत कौर ने बताया कि लड़कों का मकसद उन लड़कियों को टारगेट करना है जो अकेली आई हैं। उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, वे बस आपके साथ सोना चाहते हैं। उनका मेन मकसद यही होता है कि वे आपके साथ सोएं या फिर यह एक गेम बनाया हुआ है कि लेट्स सी (चलो देखो) कि हम क्या कर सकते हैं।


## रूम रेंट भरने या कैश का दिया जा रहा लालच


गुरप्रीत कौर कहती हैं कि पंजाबी के साथ दूसरे देशों की लड़कियों का फिजिकल शोषण ट्रैप लगाकर किया जाता है। लड़कियों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए उन्हें यह लालच दिया जाता है कि यदि वे शारीरिक संबंध बनाएंगी तो उनका रूम रेंट भर दिया जाएगा या कैश पैसा दे देंगे। मैनेजर्स लड़कियों को घंटे देने या डबल पैसे देने का वादा करते हैं, बशर्ते लड़कियां उनके साथ सोएं। यहां तक कि शादीशुदा मकान मालिक भी कॉलेज स्टूडेंट्स का फायदा उठाते हैं।

## बदनामी के डर से आवाज नहीं उठा रहीं लड़कियां

गुरप्रीत कौर बताती हैं कि इस पूरी समस्या की जड़ इंडियन लोगों की सोच और लोग क्या कहेंगे का डर है। गुरप्रीत बताती हैं कि 12 फीसदी यौन शोषण के मामले परिवार के अंदर से आ रहे हैं। कनाडा की फैमिली में भी बुरा हाल है। कनाडा की लड़कियां तो सामने आ जाती हैं लेकिन इंडियन लड़कियां बदनामी के डर से चुप रह जाती हैं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कथा, गाथा-3
3. भगोना-3
5. पुष्पहार-2
6. वायदा, कसम-2
8. अभिष्ट इच्छापूर्ति, वर-4
11. योग्य, उपयुक्त-3
13. चिंतन, सोच-विचार-3
14. तारा का एक खेल-3
15. संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16. चेहरा, शक्ल-3
18. चाकू, खंजर-3
20. उकसाना, चकमा देना-4
23. लक्ष, सौ हजार-2
25. ईश्वर, भगवान-2
26 विदा, गमन-3
27. लेखनी, पेन-3

### ऊपर से नीचे

1. हुनर, फन-2
2. शांति, वीराना-3
3. चिलमन, ओट, घूंघट-3
4. ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5. माजरा, मुद्दा-3
7. आंगन, बरामदा-3
9. भागना (अंग्रेजी-2)
10. चटपटा, क्षारीय-4
12. कारनामा, करिश्मा-4
16. अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17. मालिक, स्वामी-2
19. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
21. बेदखल करना-3
22. फिजूल, व्यर्थ-2
24. गधा, गर्दभ-2
25. एक प्रकार की विदेशी शराब-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 40 | | 58 | | 25 | = | 27 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 5 | | 6 | | 72 | = | 59 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 3 | | 5 | | 10 | = | 60 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 61 | | 30 | | 24 | | 73 | = | 16 / 80 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | नी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | गा | ल | क | था | रा | ह | व | म |
| दा | ज | न | ष | व | म | डे | डी. | म्म | सी | यैं |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | ब | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | थी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| गि | ल | च | त्त | र | ट | क | यें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | या | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 7 | |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| 1 | 29 | 3 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| | | 7 | 4 | | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| | 6 | | 4 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पत्नी - सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो...!
पति - क्यों...?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो...!
पति - मैं कुछ समझा नहीं...?
पत्नी - अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले, और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...!

00000000

उर्दू के टीचर ने सवाल पूछा - 'नाकाम इश्क' और 'मुकम्मल इश्क' में क्या फर्क होता है...?
छात्र ने जवाब दिया - 'नाकाम इश्क' बेहतरीन शायरी करता है, गजल गाता है, पहाड़ों में घूमता है, उम्दा शराब पीता है।
और 'मुकम्मल इश्क' सब्जी के साथ मुफ्त में धनिया कैसे मिले, रास्ते से ब्रेड लाते और दाल में नमक ज्यादा के फेर में दम तोड़ देता है।

00000000

बीवी ने पति को मैसेज किया - आपको पड़ोसन कैसी लगती है...?
बीवी को खुश करने के लिए पति ने रिप्लाई किया - एकदम बंदरिया जैसी...!
बीवी - ठीक है तो आते समय मेरे लिए दो साड़ी लेते आना, नहीं तो ये मैसेज पड़ोसन को दिखा दूंगी...!

00000000

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के प्रेसिडेंट बोर्गे ब्रेंडे का इस्तीफा

## यौन अपराधी एपस्टीन के साथ नाम जुड़ने के बाद छोड़ा पद

**वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के प्रेसिडेंट और उएड बोर्गे ब्रेंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका यह फैसला उस वक्त आया है, जब कुछ हफ्ते पहले ही जिनेवा की इस संस्था ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ उनके रिश्तों की जांच शुरू की थी। ब्रेंडे 2017 से हएऋका नेतृत्व कर रहे थे। फिलहाल स्विट्जरलैंड स्थित इस संस्था ने उनके इस्तीफे की पुष्टि करते हुए एलोइस ज्विंगी को अंतरिम जिम्मेदारी सौंपी है। अमेरिकी न्याय विभाग की रिपोर्ट के बाद शुरू हुई थी जांच रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी न्याय विभाग के दस्तावेजों से खुलासा हुआ था कि ब्रेंडे ने एपस्टीन के साथ तीन बिजनेस डिनर किए थे। इसके अलावा उनके बीच ईमेल और टेक्स्ट मैसेज के जरिए भी बातचीत हुई थी। इन खुलासों के बाद जिनेवा स्थित इस संस्था ने ब्रेंडे के पिछले संपर्कों की स्वतंत्र जांच शुरू कर दी थी।**

**इंटरनल रिव्यू में कुछ और गलत नहीं मिला WEF के को-चेयरमैन आंद्रे हॉफमैन और लैरी फिंक ने एक अलग बयान जारी कर बताया कि बाहरी काउंसिल द्वारा की गई जांच पूरी हो चुकी है।**

### कौन था जेफ्री एपस्टीन?

**जेफ्री एपस्टीन न्यूयॉर्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा।**



2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली। उसकी पार्टनर घिसलीन मैक्सवेल को 2021 में उसकी मदद करने के आरोपों में दोषी करार दिया गया।






### क्या है वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम और जेफ्री एपस्टीन विवाद?

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम हर साल स्विट्जरलैंड के दावोस में शिखर सम्मेलन आयोजित करता है, जिसमें दुनिया भर के राजनेता, अरबपति और बिजनेस लीडर्स हिस्सा लेते हैं। वहीं, जेफ्री एपस्टीन एक अमेरिकी फाइनेंसर था, जिसे यौन अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। साल 2019 में जेल में उसकी मौत हो गई थी। एपस्टीन के हाई-प्रोफाइल लोगों के साथ संबंधों ने दुनिया भर के कई बड़े दिग्गजों की साख पर सवाल खड़े किए हैं।

जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेजों में कई बड़े नाम अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मचा हुआ है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है। इन फाइलों में नेता, राजदूत, अरबपति और शाही परिवारों के नाम शामिल हैं। ईमेल, फ्लाइट लॉग और संपर्क रिकॉर्ड में 700 से 1000 असरदार लोगों का जिक्र है। कई मामलों में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। दस्तावेजों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन जैसे हाई-प्रोफाइल नाम अलग-अलग संदर्भों में सामने आए हैं।




### कनाडा में चिकित्सकों की कमी, आधी रात कार पंक्चर तो भी सेवक हाजिर

# कस्बों में डॉक्टरों की खुशामद: 60 लाख तक प्री बोनस, मुफ्त फ्लैट-कार दे रहे

**कनाडा की पहचान जिस स्वास्थ्य व्यवस्था से थी, वही आज डॉक्टरों की भारी कमी की वजह से गंभीर संकट में है। देश की करीब 25% आबादी के पास अपना फैमिली डॉक्टर नहीं है। हालात ऐसे हैं कि छोटे शहर डॉक्टरों को नियुक्त करने के लिए एक-दूसरे से होड़ कर रहे हैं।**

कस्बों और शहर में आईपीएल नीलामी की तरह डॉक्टरों पर बोली लगा रहे हैं। कहीं, डॉक्टरों को रिझाने के लिए मेयर खुद गाइड बन रहे हैं तो कहीं मुफ्त कार, तो कहीं कोई फ्लैट दे रहा है। अल्बर्टा प्रांत के स्टेटलर कस्बे की कहानी से इसे समझ सकते हैं। स्टेटलर और इसके आसपास के इलाके की आबादी करीब 12 हजार है। कोरोना के बाद कई डॉक्टर मानसिक थकावट के कारण जल्दी रिटायरमेंट ले रहे हैं। 2023 में यहां के 14 फैमिली डॉक्टरों में से 7 ने रिटायरमेंट या ट्रांसफर ले लिया। हालात इतने बिगड़े कि डॉक्टरों की कमी के कारण इमरजेंसी विभाग कुछ दिनों तक बंद रहने लगा। तब मेयर समेत अन्य नेताओं ने बैठक बुलाई। भर्ती टीम के प्रमुख डीन लोवेल बताते हैं, ह्यवह संकट का समय था। हमने तय किया कि हम डॉक्टरों को सिर्फ सैलरी नहीं, बल्कि एक वीआईपी लाइफस्टाइल ऑफर करेंगे। स्टेटलर ने 7 नए डॉक्टर लाने के लिए करीब 2.5 करोड़ रु. खर्च किए। मेयर ने डॉक्टर के लिए गाइड बनना तय किया। डॉक्टरों के परिवार की हर जरूरत पूरी करने के लिए एक व्यक्ति की नियुक्ति की गई है। चाहे रात 12 बजे कार का टायर पंक्चर हो जाए या बच्चों के लिए बेस्ट स्कूल और आइसक्रीम पार्लर खोजना हो। वो व्यक्ति तैयार मिलेगा। घाना से आई डॉ. एवुरा कंकम बताती हैं, जब मैं कस्बे में गई, मेरे बच्चे परेशान हो रहे थे, लेकिन यहां के अपनेपन ने दिल जीत लिया।

### तथ्य - स्टेटलर में आए 7 नए डॉक्टरों में से 6 नाइजीरिया से

**स्टेटलर में आए 7 नए डॉक्टरों में से 6 नाइजीरिया से हैं। भर्ती टीम के प्रमुख डीन लोवेल कहते हैं, नाइजीरिया जैसे देश डॉक्टर ट्रेंड करते हैं और हम उन्हें ले आते हैं।**

**डॉक्टरों को लुभाने के तरीके, नकद बोनस**

ओंटारियो के कई कस्बे 60 लाख रु. तक का नकद बोनस दे रहे हैं। वहीं, स्टेटलर हर डॉक्टर को 30 से 43 लाख रु. का नकद जॉइनिंग बोनस दिया गया।

**लग्जरी सुविधाएं**

एक साल के लिए मुफ्त कार और गोल्फ क्लब की मेंबरशिप। ओंटारियो के मुख्यमंत्री डग फोर्ड ने तो डॉक्टरों को अपना फोन नंबर तक दे दिया है कि बस एक कॉल करो और यहां आ जाओ।

■ वर्ष-12 अंक-117 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 28 फरवरी, 2026

### सुभाषितानि

**यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।**
**एवं पुरुषकारेण विना दैवं न सिध्यति।।**

**भावार्थ** : जिस प्रकार रथ एक पहिए पर नहीं चल सकता, उसी प्रकार बिना परिश्रम के भाग्य का फल नहीं मिलता।

**उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।**
**न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।।**

**भावार्थ** : दुनिया में कोई भी कार्य केवल सोच-विचार से ही पूर्ण नहीं होता, अपितु कार्य की पूर्ति के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है, जैसे सोते हुए सिंह के मुंह में हिरण नहीं आता, बल्कि हिरण का शिकार करने के लिए शेर को दौड़ना पड़ता है।

## सम्पादकीयम्

# धावनमार्गः न दृश्यते स्म

धावनमार्गः न दृश्यते स्म, मेडे-कॉलः नासीत्... तर्हि दुर्घटना कथं जातम्? बारामती-अहमदाबाद-प्रसङ्गेन विमानसुरक्षाविषये प्रश्नाः उत्पद्यन्ते। अहमदाबाद-बारामती-नगरयोः विमानदुर्घटनाभिः राष्ट्रं स्तब्धं जातम्। बारामतीनगरे अजीतपवारस्य विमानस्य दुर्घटनायां दुर्बलदृश्यता, असफलः मेडे-कॉलः, अनियंत्रितविमानक्षेत्रं च इत्यादीनि गम्भीराणि दोषाणि ज्ञातानि। अहमदाबादनगरे एयर इण्डिया-विमानदुर्घटना, बारामतीनगरे महाराष्ट्रस्य उपसीएम अजीतपवारस्य विमानस्य दुर्घटना च सर्वथा भिन्नौ घटनाद्वयं इव भासते, परन्तु उभयत्र राष्ट्रं स्तब्धं कृत्वा अनेके प्रश्नाः अनुत्तरिताः अभवन्। अहमदाबाद-प्रकरणस्य अन्वेषणम् अद्यापि प्रचलति, प्रत्येकं कतिपयेषु दिनेषु नूतनाः विकासाः उद्भवन्ति ये साहाय्यात् अधिकं भ्रमं योजयन्ति। इदानीं बारामती-दुर्घटनायाः आरम्भादेव अनेकाः गम्भीराः दोषाः दर्शिताः सन्ति। दृश्यतायाः अभावः। नागरिकविमाननमहानिदेशालयेन प्रदत्ता प्रारम्भिकसूचना स्पष्टतया सूचयति यत् विमानस्य पायलटः धावनमार्गं न दृष्टवान्। प्रथमस्य अवरोहणप्रयासस्य असफलतायाः अनन्तरं पुनः विमानं वायुतले परिभ्रमति स्म। धावनमार्गः प्रारम्भे द्वितीयवारं अदृश्यः आसीत्, परन्तु किञ्चित् कालानन्तरं सः दृश्यमानः इति घोषितः। क्षणान्तरे घोरः दुर्घटना अभवत्।

### विमानयात्रिकाणां कृते प्रमुखा राहतः ४८ घण्टानां अन्तः

# निःशुल्कटिकटस्य रद्दीकरणं १४ दिवसेषु च अनिवार्यं धनवापसी




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

देशस्य नागरिकविमाननक्षेत्रे यात्रिकाणां महती राहतं प्राप्तम्। भारतस्य विमानननियामकसंस्था नागरिकविमाननमहानिदेशालयेन (डीजीसीए) विमानटिकटप्रतिदाननियमेषु प्रमुखसंशोधनं कृत्वा यात्रिकाणां हिताय अनेकाः महत्त्वपूर्णाः निर्णयाः कार्यान्विताः। नूतननियमानाम् अन्तर्गतं यात्रिकाः इदानीं निर्धारितशतार्नाम् अधीनं विना किमपि अतिरिक्तशुल्कं विना बुकिंग् कृत्वा ४८ घण्टानां अन्तः स्वटिकटं रद्दं कर्तुं वा परिवर्तनं कर्तुं वा शक्नुवन्ति। यात्रिकाणां शिकायतां वर्धमानं धनवापसीविलम्बं च दृष्ट्वा एतत् कदमः गृहीतः अस्ति।

डीजीसीए इत्यनेन एतानि परिवर्तनानि संशोधितानां नागरिकविमाननआवश्यकतानां अन्तर्गतं कृताः, ये सार्वजनिकपरिवहनसंस्थाभिः निर्गतविमानटिकटस्य धनवापसीसम्बद्धाः सन्ति विमाननक्षेत्रे पारदर्शिता, उत्तरदायित्वं च सुनिश्चित्य एतत् महत्त्वपूर्णं सोपानं मन्यते। यात्रीसङ्गठनानि उपभोक्तृमञ्चाः च दीर्घकालं यावत् टिकटस्य रद्दीकरणस्य, धनवापसीप्रक्रियायाः सरलीकरणं समये च करणीयम् इति आग्रहं कुर्वन्ति।

नूतननियमानुसारं यदि कश्चन यात्री टिकटं बुकं कृत्वा ४८ घण्टानां अन्तः स्वयात्रायोजनां परिवर्तयितुम् इच्छति तर्हि तस्य अतिरिक्तं रद्दीकरणशुल्कं दातव्यं न भविष्यति। एतेन विशेषतया तेषां यात्रिकाणां लाभः भविष्यति ये त्वरितरूपेण टिकटं बुकं कुर्वन्ति, पश्चात् स्वतिथिं वा योजनां वा परिवर्तयितुम् इच्छन्ति। परन्तु डीजीसीए इत्यनेन स्पष्टीकृतं यत् एषा सुविधा कतिपयैः शर्तैः सह प्रयोज्यः भविष्यति, येषां पालनं यात्रिकाः अवश्यं कुर्वन्ति। तदतिरिक्तं नामशुद्धिसम्बद्धः अपि डीजीसीए-संस्थायाः महत्त्वपूर्णः निर्णयः कृतः अस्ति। यदि कश्चन यात्री टिकटं बुकं कुर्वन् नाम वर्तनीदोषं लघु करोति, २४ घण्टाभिः अन्तः तस्य सूचनां ददाति तर्हि विमानसेवा तेभ्यः अतिरिक्तशुल्कं ग्रहीतुं न शक्नोति। परन्तु एषः नियमः केवलं तत्तत्विमानसेवायाः आधिकारिकजालस्थलेन प्रत्यक्षतया बुकं कृतेषु टिकटेषु एव प्रवर्तते। अस्य निर्णयस्य उद्देश्यं लघु टङ्कनदोषाणां कारणेन यात्रिकाणां आर्थिकभारं न्यूनीकर्तुं भवति। डीजीसीए इत्यनेन धनवापसीप्रक्रियायाः विषये स्पष्टमार्गदर्शिकाः अपि निर्गताः सन्ति। यदि टिकटं यात्रा-एजेण्टस्य अथवा ऑनलाइन-पोर्टल्-माध्यमेन क्रीतम् अस्ति चेदपि विमानसेवायाः अन्तिमदायित्वं भवति यत् धनवापसीं कर्तुं शक्यते।

### अमेरिकादेशः साइबर

# आक्रमणेषु स्वस्य पकडं कठिनं करोति

### संवेदनशीलसाधनानाम् चोरितानां व्यापाररहस्यानां च विक्रयणं प्रतिषिद्धं करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

समाचार विश्लेषण : अभिमन्यु। वैश्विकरूपेण वर्धमानस्य साइबर-आक्रमणस्य डिजिटल-जासूसी-कार्यस्य च मध्यं अमेरिका-देशेन एकं प्रमुखं कठोरं च कदमम् अङ्गीकृतम्, यत्र संवेदनशील-साइबर-शोषण-उपकरणानाम्, चोरित-व्यापार-रहस्यानां च क्रय-विक्रयणं सम्बद्धानां चतुर्णां व्यक्तिनां त्रयाणां च कम्पनीनां उपरि साइबर-प्रतिबन्धाः स्थापिताः संयुक्तराज्यसंस्थायाः कोषविभागेन घोषितं यत एतानि प्रतिबन्धानि तासु संस्थासु व्यक्तिषु च उद्दिश्यन्ते येषां क्रियाकलापाः अमेरिकीराष्ट्रीयसुरक्षायाः कृते खतरा इति मन्यन्ते। एतेषु प्रतिबन्धेषु रूस-संयुक्त-अरब-अमीरात्-देशयोः सम्बद्धाः तत्त्वानि अपि सन्ति।

अमेरिकी-अधिकारिणां मते, तत्र सम्बद्धाः व्यक्तिः, कम्पनयः च साइबर-उपकरणानाम् व्यापारे संलग्नाः आसन्, येषां उपयोगः हैकिंग, डाटा-चोरी, संवेदनशील-जालपुटेषु घुसपैठं च कर्तुं शक्यते एतानि साधनानि केवलं तान्त्रिकप्रयोगे एव सीमिताः न आसन्, अपितु राष्ट्रियसुरक्षा, रक्षाप्रतिष्ठानानि, निगमसंरचनानि च हानिकारकं कर्तुं उपयुज्यन्ते इति शङ्का अस्ति पृथक वक्तव्ये संयुक्तराज्यसंस्थायाः विदेशविभागेन स्पष्टीकृतं यत् अनुमोदिताः केचन व्यक्तिः कम्पनी च अमेरिकनबौद्धिकसम्पत्त्याः रक्षणकानूनस्य अन्तर्गतं अपि निर्दिष्टाः सन्ति अयं नियमः अमेरिकननागरिकाणां, कम्पनीनां च व्यापाररहस्यस्य चोरीं गम्भीरं अपराधं करोति। अमेरिकीप्रशासनस्य कथनमस्ति यत् बौद्धिकसम्पत्त्याः चोरी न केवलं आर्थिकहानिम् करोति।

# वायनाडनगरे राहुलगान्धिनः भावपूर्णं सम्बोधनं चर्चां जनयति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वायनाड

केरलस्य वायनाड्-नगरे जनसभायां काङ्ग्रेस-सांसदः राहुलगान्धी मञ्चात् व्यक्तिगत-कथां साझां कृतवान् यत् क्षणिकरूपेण राजनैतिक-वातावरणं परिवार-सदृश-वातावरणे परिणमयितवान्। स्वभगिन्याः प्रियङ्कागान्धीवद्रायाः विषये एकं लघुहृदयात्मकं आख्यानं कथयन् सः न केवलं प्रेक्षकाणां कृते स्मितं आनयत् अपितु वायनाड-नगरस्य जनान् स्वपरिवारम् इति आह्वयन् गहनं भावात्मकं सम्बन्धं अपि प्रकटितवान् तस्य शैल्या समागमं विशेषं कृत्वा प्रेक्षकाणां मध्ये उष्णवातावरणं निर्मितवती। स्वस्य सम्बोधने राहुलगान्धी हसन् घोषितवान् यत् सः अद्यतनं घटनां कथयितुं गच्छति यत् तस्य भगिनी प्रियंका वाड्रा इत्यस्याः मनसि दुःखं जनयितुं शक्नोति। तस्य टिप्पणी प्रेक्षकाणां मध्ये हास्यं जनयति स्म।

## राशिफल

**मेष** : काम में ध्यान भटकेगा, लेकिन अगर एक काम पकड़ लिया तो पूरा करके ही छोड़ोगे। पैसों में ठीक-ठाक बैलेंस बना रहेगा।

**वृषभ** : बिजनेस या नौकरी में कोई पुराना अटका काम आगे बढ़ सकता है। घर-परिवार में बातचीत से गलतफहमी दूर हो सकती है।

**मिथुन** : ऑफिस या काम की जगह पर किसी से हेल्प मिल सकती है। अधूरे काम निपटाने का अच्छा दिन है।

**कर्क** : बेवजह सोचने से बचो और जो जरूरी है उसी पर ध्यान दो। काम में मन कम लगेगा, लेकिन जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

**सिंह** : काम में लीड लेने का मौका मिल सकता है। अगर किसी से नाराजगी चल रही है तो बात करके सुलझ सकती है।

**कन्या** : घर में किसी जरूरी काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। पैसों में स्थिरता रहेगी, किसी को उधार देने से पहले सोच लो।

**तुला** : ऑफिस या बिजनेस में कोई पुराना काम फिर से सामने आ सकता है। घर में किसी बड़े की बात मान लेना ही सही रहेगा।

**वृश्चिक** : काम में थोड़ा कन्फ्यूजन रहेगा, किसी भरोसे वाले से सलाह ले लो। पैसों में ठीक-ठाक स्थिति रहेगी।

**धनु** : काम में टीमवर्क से फायदा होगा। पैसों में स्थिरता रहेगी, लेकिन फालतू खर्च मन को ललचाएगा।

**मकर** : काम में मन कम लगेगा, लेकिन जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी। पैसों में अचानक खर्च सामने आ सकता है।

**कुंभ** : दोस्तों से बातचीत से मन खुश होगा। पैसों में सुधार दिखेगा, लेकिन सेविंग पर भी ध्यान देना जरूरी है।

**मीन** : काम में धीरे-धीरे सही दिशा बनेगी। घर-परिवार का साथ मिलेगा। पैसों में ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# इस बार होली पर इन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन, व्यापार में मिलेगा जबरदस्त लाभ

इस वर्ष होली पर कुछ राशि वालों का भाग्योदय होने वाला है। इन जातकों को सफलता के साथ-साथ व्यापार में मुनाफा होने की पूरी संभावनाएं हैं।

इस साल होलिका दहन 3 मार्च 2026 को होगा। इसलिए अगले दिन यानी 4 मार्च 2026 को रंगो की होली मनाई जाएगी। यह दिन सभी के लिए खास और विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह खुशियां और प्रेम का प्रतीक है। हालांकि, 2026 में होली न केवल धार्मिक बल्कि ज्योतिष दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहेगी। दरअसल, 4 मार्च 2026 को विलासिता के कारक शुक्र अपनी उच्च राशि मीन में रहेंगे। यहां उनकी शनि के साथ युति होगी, जो कुछ राशियों के लिए भाग्योदय के समान साबित होगी। इससे जातकों को लाभ, तरक्की, प्रेम संबंध में सुधार के साथ कई अटके कार्य भी



पूर्ण होंगे। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि-** होली पर मेष राशि वालों को धन लाभ की प्राप्ति हो सकती हैं। साथ ही वह अपने व्यापार से जुड़े कार्यों को लेकर आगे बढ़ेंगे। ग्रहों की अनुकूल स्थिति से आपकी आर्थिक स्थिति पहले से कई गुना बेहतर बनेगी। मेष राशि वालों की स्वजनों के साथ पैदा हुई गलतफहमियां दूर होंगी। इस समय रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं और करियर में नई ऊंचाइयां हासिल करने का भी अवसर मिलेगा। इस दौरान नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या वेतन वृद्धि मिल सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सिंह राशि-** इस बार होली पर सिंह राशि वालों को कई खुशखबरी की प्राप्ति भी हो सकती हैं। खास बात यह है कि, सभी कार्यों में भाग्य का साथ मिलेगा। लंबे समय से चल रही परेशानियां दूर हो सकती हैं। परीक्षा प्रतियोगिता के परिणाम आपके अनुकूल आ सकते हैं। धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे और निवेश से फायदा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए यह अवधि उन्नति और प्रगति से भरी हो सकती हैं। इस समय करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और विदेश से व्यापार करने की कामना पूरी होगी। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा और सिंगल लोगों के जीवन में कोई दस्तक देगा। व्यापार में लाभ होगा और आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं। विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

## खबर एक नजर...

### शर्तों का उल्लघंन करने पर निरस्त कराई जमानत

**उज्जैन।** महिदपुररोड थाना क्षेत्र के ग्राम झूटावद में रहने वाला सुरेश पिता मोहनसिंह सौंधिया 32 साल अवैध शराब मामलों में लगातार शामिल होना सामने आ रहा है। पूर्व में अवैध शराब के साथ गिरफ्त में आने पर उसे न्यायालय द्वारा सशर्त जमानत पर रिहा किया गया था कि अब वह अपराध में शामिल नहीं होगा, लेकिन एक बार फिर 52 लीटर शराब के साथ पुलिस की गिरफ्त में आ गया। थाना प्रभारी रामसिंह भाबोर ने बताया कि दोबारा से अवैध शराब के मामलों में गिरफ्तार होने पर पूर्व में मिली जमानत को निरस्त कराने के लिये सहायक लोक अभियोजक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिस पर सुनवाई होने के बाद द्वितीय अपर एवं सत्र न्यायालय महिदपुर की ओर से आरोपी की जमानत निरस्त करने के आदेश जारी किये गये। जमानत निरस्त होने और अवैध शराब के साथ पकड़ाने पर आरोपी को जेल भेजा गया है।

### पान मसाला के झोले में छुपाकर लगाया था अवैध शराब

**उज्जैन।** पान मसाला के 2 झोले में अवैध शराब लेकर आये युवक की खबर मिलते ही महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने टीम को अलर्ट किया और युवक को घेराबंदी कर पकड़ने के लिये रवाना किया। पुलिस टीम द्वारा भूखी माता मंदिर मार्ग पहुंची, जहां भैरू महाराज ओटले के पास युवक दिखाई दिया। उसने पुलिस को देखा तो भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे हिरासत में लिया और उसके झोलों की तलाशी ली। जिसमें देशी शराब के 300 क्वार्टर भरे होना सामने आये। युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम केशव पिता गजेन्द्रसिंह निवासी ग्राम पथरा तहसील चकरनगर इटावा हाल मुकाम चारधाम मंदिर के पास होना बताया। थाना प्रभारी के अनुसार 30 हजार रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद होने पर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। विदित हो कि धार्मिक नगरी होने पर शहरी सीमा में शराब प्रतिबंधित कर दी गई। जिसके बाद से अवैध रूप से शराब लाने के मामले लगातार सामने आ रहे है। जिसको लेकर पुलिस अभियान चलाकर धरपकड़ कर रही है।

### बोलेरो पिकअप में क्रूरतापूर्वक भरे थे मवेशी, 4 गिरफ्तार

**उज्जैन।** तराना तहसील के रोजवास टोल के पास एबीरोड पर हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 08 झेडबी 2909 को पकड़ा। जिसमें पांच मवेशियों को क्रूरतापूर्वक वध के लिये चार व्यक्ति लेकर जा रहे थे। मवेशियों से भरी पिकअप पकड़ाने की खबर मिलते ही तराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चारों को हिरासत में लेकर पिकअप जप्त की। पुलिस के अनुसार पिकअप थाने लाने के बाद 5 मवेशियों को मुक्त कराया गया। वहीं पिकअप में सवार रतन नंदला निवासी नैनागिरी शिवपुरी, सेलसिंह पिता राजमल निवासी बड़वानी, राकेश पिता मांगीलाल निवासी छिंदवाड़ा और दिलीप निवासी बड़वानी को गिरफ्तार कर म. प्र. गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6, 9 का प्रकरण दर्ज किया गया। चारों का कहना था कि पालने के लिये लेकर जा रहे थे, लेकिन उनकी मंशा ठीक नहीं थी। चारों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 250-7 | 489-1 |
| मेन बाजार | 779-3 | 246-2 |
| मिलन डे | 578-0 | 888-4 |
| मिलन नाइट | 689-3 | 199-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 |

### अंधेरे में खड़ी आयशर से भिड़ी पूर्व सरपंच की कार

# क्षतिग्रस्त कार से निकाला शव, बच्चों से मिलने आया था उज्जैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गरोठ हाइवे पर गुरूवार-शुक्रवार रात अंधेरे में खड़ी आयशर से कार टकरा गई। कार में पूर्व सरपंच सवार था। जिसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार से शव निकालकर पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया।

घट्टिया तहसील के ग्राम जयरामपुरा में रहने वाला राकेश पिता जयराम परमार 45 साल गांव का पूर्व सरपंच था। रात में उज्जैन से कार में जयरामपुरा के लिये लौटते समय गरोठ हाइवे पर अंधेरे में खड़ी आयशर से टकरा गया। हादसा भयावह हुआ, कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राकेश परमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची और कार से शव निकालकर चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। दस्तावेज और मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। शुक्रवार सुबह पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि राकेश का एक मकान खंडेलवाल नगर उज्जैन में है। तीन बच्चे उज्जैन में रहकर पढ़ाई कर रहे है। राकेश गांव में रहकर खेती किसानी का काम करता था और मकान का निर्माण कार्य भी करा रह है। गुरूवार को बच्चों से मिलने और खेती की सामग्री लेने आया था। जहां से वापस लौटते समय दुर्घटना हुई है। राकेश की बड़ी बेटी का अगले दिपावली के बाद विवाह भी होना है। बताया जा रहा है कि गरोठ हाइवे पर आयशर पंचर हो गई थी। चालक सड़क किनारे ही आयशर खड़ी कर चला गया था। पुलिस के अनुसार आयशर को जप्त किया जायेगा और चालक के खिलाफ बिना संकेतक सड़क पर आयशर खड़ी करने का मामला दर्ज किया जायेगा।




### यंत्रमहल मार्ग पर 3 बच्चों पर चढ़ी आयशर

शुक्रवार शाम नीलगंगा थाना क्षेत्र के यंत्रमहल मार्ग पर आयशर ने तीन बच्चों को कुचल दिया। तीनों घायल हुए है, एक की हालत गंभीर बनी हुई थी। बताया जा रहा है गंभीर घायल शिवपाल पिता राजेन्द्र ठाकुर 14 साल है। वहीं 2 अन्य घायलों में मोहित पिता चुन्नीलाल गुर्जर 15 साल और सुजल पिता अशोक ठाकुर 15 साल है। तीनों चिंतामण जवासिया के रहने वाले है। परिजनों ने बताया कि दुर्घटना के बाद आटो चालक उन्हे अस्पताल लेकर पहुंचा था, तीनों कक्षा 8 वीं के छात्र है और कोचिंग संबंधित काम से उज्जैन आये थे। नीलगंगा पुलिस के अनुसार आयशर जप्त कर ली गई है, चालक दुर्घटना के बाद भाग निकला था।

### इधर अज्ञात वाहन ने कुचला


दुर्घटना का एक मामला तराना में गुरूवार रात हुआ। भैरवगढ़ क्षेत्र के ग्राम नानाखेड़ी रलायता में रहने वाला भंवरसिंह पिता सिद्धूलाल जाटवा मोपेड पर सवार होकर ससुराल मक्सी के पास गडौली जा रहा था। तराना में उसे अज्ञात चार पहिया वाहन ने कुचल दिया। भंवरसिंह की मौके पर मौत हो गई। तराना पुलिस ने उसके पास मिले आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

# हत्या के 2 आरोपियों को आजीवन कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वर्ष 2020 कोरोना काल के दौरान हुई हत्या के मामले में पांच साल बाद न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए 2 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ अर्थदंड से दंडित किया है। उक्त हत्याकांड को पुलिस द्वारा चिन्हित और जघन्य हत्या कांड में शामिल किया था।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के उंडासा क्षेत्र में 7 सितंबर 2020 को बजरंग नगर में रहने वाले सचिन पिता हीरालाल सेंगर 35 साल की चाकू से हमला कर जघन्य हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद पुलिस ने धारा 302, 34 और एससी/एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर हत्या में शामिल समीर उर्फ अय्या पिता शरीफ शाह निवासी अहमदनगर और मुखियार उर्फ इमरान पिता आजाद मौलाना अंसारी निवासी यादव नगर को गिरफ्तार किया था। तत्कालीन थाना प्रभारी जितेन्द्र भास्कर के नेतृत्व में तत्कालीन एसआई रविन्द्र कटारे द्वारा विवेचना पूर्ण का अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। आरोपियों ने सचिन सेंगर के चाकू से कई प्राणघातक वार किये थे। जिसके चलते हत्याकांड को जघन्य और सनसनीखेज श्रेणी में शामिल किया गया था। पांच सालों तक चली सुनवाई के बाद शुक्रवार को अरविंद प्रतापसिंह चौहान विशेष न्यायाधीश द्वारा फैसला सुनाते हुए दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ एक-एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। वर्तमान थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजन अधिकारी ईश्वरसिंह केलकर द्वारा पैरवी की गई।



# नागदा से गांजा लेकर आया युवक पकड़ाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ लेकर आ रहे युवक की खबर मिलने पर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा। युवक के पास से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर नागदा से लाना कबूल किया। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वाले की तलाश जारी है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि गुरूवार-शुक्रवार रात खबर मिली थी कि ग्राम लोहारी में एक युवक मादक पदार्थ लेकर आया है। पुलिस टीम ने युवक को पकड़ने के लिये घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। उसके पास से 754 ग्राम गांजा बरामद हो गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नारायण पिता हरेसिंह पंवार 34 साल निवासी लोहारी होना बताया। उसका कहना था कि मादक पदार्थ नागदा के रहने वाले दीपकसिंह से लाया था। नारायण के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है। गांजा उपलब्ध कराने वाले दीपक की तलाश में एक टीम नागदा भेजी गई थी, लेकिन वह फरार होना सामने आया है। जिसकी तलाश जारी है।



**एक युवक ने खाया जहरीला पदार्थ-** इंगोरिया के रहने वाले सुनील पिता गब्बूलाल केवट 40 साल ने गुरूवार शाम जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे ग्राम नलवा और चिकली के बीच से उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे थे। शुक्रवार तड़के सुनील की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि सुनील अपने साले की शादी में नलवा के पास ग्राम फालपुरा आया था। शादी में शामिल होने के बाद वापस इंगोरिया जाने के लिये निकला था। उसके बेसुध हालत में पड़े होने की सूचना लोगों से मिली थी।

### आगामी होली-रंगपंचमी पर सुरक्षा-व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल को बनाये रखने के लिये

# पुलिस कंट्रोलरूम पर सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी होली-रंगपंचमी पर सुरक्षा-व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल को बनाये रखने के लिये शुक्रवार को पुलिस कंट्रोलरूम पर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीजी ने जिले के सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये।

होली दहन 2 मार्च की रात्रि और 3 मार्च को रंगों की मस्ती का पर्व होली के साथ पांच दिनों बाद मनाये जाने वाले रंगपंचमी पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था और कानून व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण माहौल को बनाये रखने के लिये एडीजी राकेश गुप्ता द्वारा उच्च स्तरीय बैठक का आयोजित की। बैठक के दौरान डीआईजी, नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, एएसपी गुरुप्रसाद पाराशर, आलोक शर्मा के साथ सभी सीएसपी और थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक ऑनलाइन और ऑफ लाइन रही, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के एसडीओपी, थाना प्रभारी भी मौजूद रहे। इस दौरान एडीजी ने सभी को निर्देश देते हुए अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था के साथ सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ रखने की बात कहीं। पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने के लिये कहा गया। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग, अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के साथ अपने क्षेत्र में आमजन से समन्वय स्थापित कर त्यौहारों को सौहार्द्र वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश जारी किये।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com